# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025










## बीजापुर और कांकेर जिले में फोर्स ने माओवादियों को घेरा, मुठभेड़ में एक जवान भी शहीद

*बस्तर संभाग के दो जिलों में सशस्त्र जवानों ने गुरुवार को नक्सलियों पर बड़ा और करारा प्रहार किया। फोर्स ने 30 नक्सली मार गिराए। बीजापुर और कांकेर जिले में घटों चली मुठभेड़ में एक जवान भी शहीद हुआ है। मुठभेड़ के बाद जवानों ने बड़ी मात्रा में आटोमेटिक हथियार व विस्फोटक सामान बरामद किया गया है।*





# नक्सलियों पर बड़ा प्रहार
# 30 का संहार

## बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद

- बीजापुर के एंड्री जंगल व कोयलीबेड़ा के जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़
- नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन नम्बर 13 का सफाया सभी 26 नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ बीजापुर/ कांकेर

जवानों को बीजापुर जिले में बड़ी कामयाबी मिली। यहां जवानों ने नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन नम्बर 13 का सफाया करते हुए सभी 26 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी के जवान राजू ओयम शहीद हो गए। कांकेर जिले में हुई मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए हैं। पुलिस के अनुसार सुबह सात बजे से नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई, जो देर शाम तक जारी रही।

सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए जबरदस्त मुठभेड़ में कुल 30 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। यह मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर गंगालूर पुलिस थाने के अंतर्गत एण्ड्री वन क्षेत्र में हुआ, जिसमें 26 नक्सलियों को मार गिराया गया। वहीं 4 नक्सलियों को कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा इलाके में ढेर किया गया। जानकारी के मुताबिक, बीजापुर गंगालूर इलाके के अंड्री के जंगलों में जवानों ने नक्सलियों के बड़े कैडर्स की मौजूदगी की सूचना पर उनको घेरने के लिए एक बड़ा आपरेशन लांच किया था। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### यहां हुई नक्सलियों के साथ मुठभेड़

कांकेर जिले में अब तक 4 वर्दीधारी नक्सलियों का शव बरामद किया जा चुका है। एसएसपी कांकेर इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि यह मुठभेड़ कांकेर व नारायणपुर जिले के सरहदी इलाका कुरूषकोड़ी, बिनागुंडा व पांगुर के जंगल में सुबह 8 बजे शुरू हुई, जो देर शाम तक रुक रुककर जारी रही। वहीं बीजापुर जिले के पीडिया से दक्षिण- पूर्व लगभग साढ़े 5 किमी एरियल डिस्टेंस पर बैलाडीला की पहाड़ियों पर पूरंगेल, गमपुर के त्रिकोण में एंड्री के जंगल में जवानों का नक्सलियों के साथ सामना हुआ। यह स्थान गंगालूर से एरियल डिस्टेंस 26 किमी है।

### आपरेशन में ये टीम शामिल

बीजापुर जिले में हुए सफल आपरेशन में डीआरजी बीजापुर व सुकमा के अलावा एसटीएफ, बस्तर फाइटर, कोबरा व सीआरपीएफ का सयुंक्त टीम शामिल थी। वहीं कांकेर मुठभेड़ में डीआरजी कांकेर के अलावा बस्तर फाइटर व बीएसएफ की सयुंक्त टीम का नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। कांकेर जिले में हुए मुठभेड़ में 4 व बीजापुर जिले में हुए मुठभेड़ में अब तक 26 नक्सलियों का शव बरामद किया जा चुका है।





### जवानों का डीआईजी व एसपी ने किया स्वागत

मुठभेड़ में शामिल जवान कई किमी पैदल चलकर जब बीजापुर लौट रहे थे, तब उनका डीआईजी दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप व एसपी बीजापुर जितेन्द्र यादव ने स्वागत करते हुए जवानों को सफलता के लिए बधाई दी। आईजी सुदंरराज पी ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि सरकार के मंशानुसार व जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाईटर, कोबरा, सीआरपीएफ, ▶▶| शेष पेज 4 पर

### अभी नहीं हो पाई मारे गए नक्सलियों की पहचान

मारे गए सभी नक्सलियों के शवों के साथ ही एके 47, एसएलआर, इसांस रायफल के अलावा राकेट लांचर, बीजीएल लांचर, 303, 315 बोर, 12 बोर, भरमार समेत भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। दोनों जिले में हुए मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो सकी है, जिनकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## किसने क्या कहा

### नक्सलमुक्त भारत की दिशा में सफलता : शाह



*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में एक बड़ी सफलता बताया। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध कड़े रुख के साथ से आगे बढ़ रही है। जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपना रही है।*

### क्रूर, निरंकुश नक्सलवाद का अंत उचित : साय

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि क्रूर, निरंकुश नक्सलवाद का अंत उचित है। बस्तर 2026 तक भयमुक्त होगा। यह सुनिश्चित है। प्रदेश में नक्सलवाद के विरुद्ध हमारी लड़ाई मजबूती से जारी है। मुठभेड़ में डीआरजी के जवान के शहीद होने की भी दुःखद खबर है। उनकी यह शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।*



### बस्तर बदल रहा



*प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलियों के खात्मे के साथ-साथ बस्तर बदल रहा है। बस्तर लाल आतंक से मुक्त होगा। किसी शाम आप सभी इंद्रावती नदी के किनारे आराम से बैठकर चाय पी पाएंगे।*

## 10 टीमों के ज्यादातर कप्तानों ने बैन हटाने पर जताई सहमति

# आईपीएल में गेंदों पर 'थूक' लगा सकेंगे खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के ज्यादातर कप्तानों की सहमति के बाद आगामी चरण में गेंद पर लार के इस्तेमाल से प्रतिबंध हटा दिया है। आईपीएल कोविड-19 महामारी के बाद लार के उपयोग को फिर से शुरू करने वाला पहला बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट बन गया है। शनिवार से शुरू होने वाले आईपीएल के आगामी चरण से पहले मुंबई में कप्तानों की बैठक में यह फैसला लिया गया। बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, 'लार पर प्रतिबंध हटा दिया गया है। अधिकांश कप्तान इस कदम के पक्ष में थे। कुछ को फिर से इसे शुरू करने को लेकर संदेह था, कुछ तटस्थ ▶▶| शेष पेज 4 पर



### आईसीसी ने लगाया था बैन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कोविड-19 महामारी के दौरान एहतियात के तौर पर गेंद को चमकाने के लिए लार लगाने की सदियों पुरानी प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया था और बाद में 2022 में विश्व संस्था ने इस प्रतिबंध को स्थायी कर दिया था। आईपीएल ने भी कोविड-19 महामारी के बाद लीग में खेल की शर्तों में आईसीसी प्रतिबंध को शामिल किया, लेकिन इसके दिशानिर्देश खेल की संचालन संस्था के दायरे से बाहर हैं।

### 11वें ओवर के बाद बदली जाएगी गेंद

यह भी फैसला किया गया कि ओस के कारण शाम के मैच में दूसरी पारी में 11वें ओवर के बाद एक गेंद बदली जाएगी। एक अधिकारी ने कहा, 'यह नियम में बदलाव नहीं है, यह सिर्फ इस साल सभी टीम और अंपायरों के बीच आपसी समझ है।

### नो बॉल और वाइड के लिए डीआरएस

बीसीसीआई ने ऊंची जाने वाली वाइड गेंद और ऑफ-स्टंप के बाहर की वाइड गेंद के लिए डीआरएस के इस्तेमाल को भी मंजूरी दे दी है।

### भारतीय टीम को बीसीसीआई देगा 58 करोड़ का पुरस्कार

*नई दिल्ली। बीसीसीआई ने दुबई में इस महीने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 58 करोड़ रुपए नकद पुरस्कार का ऐलान किया। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती। यह पुरस्कार खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ और अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति को मिलेगा। बोर्ड ने अपने बयान में यह नहीं बताया कि किसे कितना पुरस्कार मिलेगा।*


SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
(DEEMED TO BE UNIVERSITY)

SAAT-2025

Empowering students for a brighter future

EMERGING B.TECH PROGRAMMES IN COMPUTING
- Computer Science and Engineering (AI and ML)
- Computer Science and Engineering (Cyber Security)
- Computer Science and Engineering (Data Science)
- Computer Science and Engineering (Internet of Things)

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
- NBA Accredited Programmes

NIRF INDIA RANKINGS 2024
- 14th Best in University Category
- 26th Best in Engineering Category

INTERNATIONAL RANKINGS 2025
- Ranked in QS World Rankings 2025
- Ranked in Times World Rankings 2025

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

हमर-प्रदेश

बिलासपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025 haribhoomi.com

हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### पालना योजना के संचालन पर उठे सवाल, मंत्री उलझ गईं, तक स्पीकर ने संभाली स्थिति

**रायपुर।** विधानसभा में बिना राशि के पालना योजना के संचालन को लेकर कांग्रेस विधायकों ने सवाल उठाया। महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े इसका जवाब नहीं दे पाईं और उलझ गईं। यह देख स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने स्थिति संभाली और मंत्री से कहा, पूरी जानकारी विभाग से लेकर सदस्यों को उपलब्ध कराएं। प्रश्न काल में कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने वर्ष 2024-25 में पालना योजना के लिए राशि का प्रावधान न करने के क्या कारण हैं। 15 फरवरी तक केंद्रांश और राज्यांश दोनों ही शून्य बताया गया है, तो 175 पालना घर संचालन कैसे और किस मद से हो रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा, 25 फरवरी के बाद राशि 4.82 करोड़ रुपए मिले हैं। फिर इस पर वित्त विभाग ने अनुमति नहीं दी थी, अब संचालन के लिए रिलीज कर दिए गए हैं। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने इस मुद्दे पर कहा, 15 फरवरी तक कोई राशि व्यय नहीं की गई यानी साल भर तक योजना चली ही नहीं । मगर मंत्री कह रही हैं योजना संचालित है। मंत्री ने बताया कि एसएनसी मॉडल में तकनीकी दिक्कत के कारण राशि कुछ समय तक रूका था। अब 31 मार्च तक खर्च करेंगे। विधायक ने कहा, राशि व्यय नहीं हुई है।

रायपुर। नागपुर में हिंसा फैल गई। औरंगजेब पर पूरा देश बंटा नजर आ रहा है। ऐसे माहौल में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी ने देश के प्रख्यात इतिहासकार और विचारक राम पुनियानी और विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल से सीधी बात की। सीधे और सपाट सवालों का उन्होंने बेबाकी से जवाब दिया। श्री पुनियानी ने दो टूक कहा कि औरंगजेब और संभाजी के बीच संघर्ष धर्म के लिए नहीं था, सत्ता के लिए था। वहीं विनोद बंसल ने कहा कि हमारा विरोध कब्र को लेकर नहीं है। हमारा विरोध औरंगजेबी मानसिकता को लेकर है। हम उसे खत्म करना चाहते हैं। पेश है चुनिंदा सवालों के जवाब।

# औरंगजेब और संभाजी का संघर्ष धर्म का नहीं सत्ता के लिए था: राम पुनियानी

**▶ हम इतिहास क्यों पढ़ते हैं, यह स्पष्ट करेंगे ?**

▶▶ हम इतिहास इसलिए पढ़ते हैं क्योंकि इतिहास मे जो भी कुछ अच्छी बाते हुए है.उनसे हम बेहतर समाज बना सकें। ऐसा समाज बनाने की कोशिश करे जो न्यायपूर्ण हो।

**▶ इतिहास क्या था और किस तरह प्रस्तुत करते हैं ये भी एक विषय है। इतिहास कितनी ईमानदारी से लिखा जाता है ?**

▶▶ पहले भाट, चारण अपने राजाओं का गुणगान करते हैं..अंग्रेजो ने फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई। इतिहास लेखन में अग्रेजी इतिहासकारों ने भी चालाकी की। एक इतिहास में हिंदुओं को नाकारा बताया गया। तो कुछ ने मुस्लिमों को आंरांता बताया था। इतिहास लेखन में एकरुपता नहीं है।

**▶ धर्मांतरण बड़े पैमाने पर किया गया क्या आप इस बात को मानते हैं ?**

▶▶ भारत में इस्लाम सातवीं शताब्दी में आया, भारत में ये अरब व्यापारियों के जरिए आया । राजा का उद्देश्य कभी धर्मांतरण नहीं था। दुनिया में किसी भी राजा ने धर्मांतरण नहीं किया। हमारे देश में जातीय व्यवस्था के अत्याचार से बचने के लिए लोगों ने धर्म बदला था। औरंगजेब से संभाजी का संघर्ष धर्म से नहीं बल्कि राजनीतिक था। औरंगजेब के दरबार में 33 फीसदी दरबारी हिंदू थे। छत्रपति शिवाजी के दरबार में मुस्लिम सेनापति थे। राजाओं का प्रशासन मिला जुला रहता था ।

**▶ सनातन धर्म को लेकर हमारे यहां काफी चिंताएं हैं किसने सनातन धर्म को ज्यादा नुकसान पहुंचाया ?**

▶▶ सनातन धर्म को अशोक या औरंगजेब ने नुकसान नहीं पहुंचाया बल्कि हमारी जाति व्यवस्था ने नुकसान पहुंचाया । सनातन धर्म को कोई नुकसान नहीं है, सनातन धर्म हमेशा बना रहेगा। धर्म को कभी खतरा नहीं होता बल्कि लोगों की सत्ता खतरें में होती है।




**▶ धर्मांतरण अशोक के कालखंड में हुआ या इस्लाम के समय में ज्यादा धर्मपरिवर्तन हुआ ?**

▶▶ सम्राट अशोक के समय में अनटचेबल लोगों ने बौद्ध धर्म अपनाया किसी ने लादा नहीं था। अशोक के समय में चार धर्म थे। अशोक ने खुद को प्रजापालक बताया। अशोक ने जो धर्मांतरण किया वो ज्यादातर विदेशों में किया।

# हमारा मकसद कब्र नहीं, औरंगजेबी मानसिकता को खत्म करना: बंसल

**▶ क्या छावा मूवी से प्रेरणा लेकर आपने विरोध किया ?**

▶▶ ये विरोध किसी फिल्म की वजह से नहीं हुआ। व्यक्ति प्रेरणा तो कहीं से भी ले सकता है। बात फिल्म छावा की नहीं है। कुछ दिनों पहले मुस्लिम नेताओं ने कब्र पर जाकर सजदा किया। जब इस तरह की कब्र को रखा गया तो आने वाली पीढ़ी इनसे प्रेरणा लेगी.. इसीलिए हम चाहते है कि ऐसी कब्र नहीं रहनी चाहिए।

**▶ आपका संगठन एक कब्र के पीछे क्यों पड़ गया जो कि 318 साल पुरानी है ?**

▶▶ हमने किसी की मस्जिद आज तक नहीं तोड़ी कोई उदाहरण हो तो बताइए । हम ऐसी संस्कृति के वाहक नहीं हैं जो किसी के धार्मिक स्थान को तोड़े। हमारा द्वेष किसी आस्था केंद्र से नहीं है। हमारा विरोध औरंगजेबी मानसिकता से है।

**▶ आपको औरंगजेब की कब्र से क्या परेशानी है..आप उस कब्र को क्यों उखाड़ देना चाहते हैं ?**

▶▶ इस देश के अंदर बहुत सारी कब्रे हैं दुर्भाग्य से इस देश का एएसआई ऐसी हजारों कब्रों की सुरक्षा कर रहा है जिसमें हमारे देश का पैसा प्रतिदिन इसमें जा रहा है। देश में और भी आक्रांता हुए हैं। कहते है हम अगर एक विचार को मार देते हैं तो वो विचार आगे नहीं जाएगा। हमारा उद्देश्य औरंगजेबी मानसिकता का विरोध करना है।

**▶ आप औरंगजेब की कब्र क्यों उखाड़ना चाहते हैं।**

▶▶ जो लोग औरंगजेब को प्रेरणा मानते हैं उनके हम खिलाफ हैं। औरंगजेब जैसे क्रूर शासक इस दुनिया में कभी नहीं हुआ। मंदिरों को तोड़ा,साधु संतों पर अत्याचार किए थे। फिर औरंगजेब की कब्र वहां नहीं होनी चाहिए। हमने एमएफ हुसैन की विवादित पेंटिंग्स का भी विरोध किया था।

**▶ बाबर को तो आंक्राता के रुप मे सभी जानते हैं लेकिन औरंगजेब तो उस परिवार की चौथी पीढ़ी हैं। औरंगजेब से क्या नाराजगी हो सकती है।**

▶▶ बाबर की कब्र अफगानिस्तान में है, जिस पर भारत के तीन प्रधानमंत्रियों ने सजदा किया था। यहीं कांग्रेस की संस्कृति विकृति का कारण है । हम ऐसे सभी प्रतीक चिन्हों के खिलाफ हैं

**▶ मराठों को औरंगजेब की कब्र से कभी ऐतराज नहीं रहा, फिर आपको क्यों हैं**

▶▶ मैं किसी व्यक्तिविशेष के खिलाफ नहीं कहूंगा। समाज क्या सोचता है और समाज में किस चीज से प्रेरणा लेना है ये समाज तय करता है।

# सट्टे की रकम ट्रांजेक्शन कराने के आरोप में बैंक का ऑपरेशनल मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

### एचडीएफसी बैंक के ऑपरेशनल मैनेजर पर 83 लाख रुपए ट्रांसफर कराने का आरोप

देवेंद्र नगर ब्रांच के एचडीएफसी बैंक के तत्कालीन ऑपरेशनल मैनेजर नितिन देवांगन को पुलिस ने गलत तरीके से सट्टे की रकम ट्रांसफर करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। नितिन को पुलिस ने जगदलपुर से गिरफ्तार किया है। ऑपरेशनल मैनेजर पर वर्ष 2020 से 2023 के बीच फर्जीवाड़ा करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार नितिन ने वर्ष 2020 से 2023 के बीच छह खाताधारकों के अकाउंट का पासबुक तथा चेकबुक अपने कब्जे में लेकर 82 लाख 83 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन किया है। नितिन के खिलाफ पुलिस ने अमानत में खयानत तथा धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। खाताधारकों को अपने अकाउंट से लाखों रुपए के ट्रांजेक्शन होने की जानकारी मिली। इसके बाद उन लोगों ने इसकी शिकायत बैंक प्रबंधन से की। जांच में नितिन के दोषी पाए जाने पर बैंक प्रबंधन ने उनके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को आशंका है कि नितिन ने जिन लोगों के नाम से बैंक में अकाउंट खुलवाया था, उन लोगों को उसने उनके अकाउंट के बारे में जानकारी नहीं दी थी। नितिन से पुलिस इसकी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि वह किसके कहने पर सट्टे की रकम ट्रांसफर करने तैयार हुआ। ठगी सहित सट्टे की रकम को व्हाइट मनी में तब्दील कर दूसरी जगह भेजने राजधानी सहित राज्य के कई शहरों में बड़े पैमाने पर म्यूल अकाउंट खोले गए हैं। म्यूल अकाउंट खोलने बैंक कर्मियों की बड़ी भूमिका है। इस कड़ी में राजधानी पुलिस दो महीने पूर्व आधा दर्जन के करीब बैंक अफसरों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है।

### भाजपा की आज बड़ी बैठक, मोदी की सभा के लिए तय होगी जिम्मेदारी

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिल्हा विधानसभा में होने वाली सभा के लिए दो लाख की भीड़ एकत्रित करने के लिए प्रदेश भाजपा संगठन जिम्मेदारियों का बंटवारा करेगा, इसके लिए शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश संगठन की बड़ी बैठक दोपहर दो बजे होगी। यह बैठक भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन लेंगे। वे शुक्रवार को बैठक के पहले 1.45 बजे विमान से रायपुर पहुंचेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक, नगर निगमों के महापौर, सभापति सहित नगरीय निकाय और पंचायतों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं।




Auth. Dealers : ● Arun Automotive, Mobile - 9826552000 (Durg, Balod, Bemetra) ● Arun Autowheels, Mobile - 6264242206 (Kanker, Kondagaon, Narayanpur) ● Jaika Automobiles & Finance Pvt. Ltd. Mobile - 7415140093 (Raipur, Mahasamund, Baloda Bazar, Gariyaband) ● Jagdalpur Motors, Mobile - 9439893077 (Bastar, Sukma, Dantewada, Bijapur) ● Shivam Motors - Mobile 8120002312 (Bilaspur, Mungeli, Pendra, Korea, Balrampur, Jashpur, Janjgir Champa, Raigarh) ● Shivam Motors / Krihsna AutoTech, Mobile - 8120002312 / 8770671017 ( Korba, Surguja, Surajpur) ● Mangalam Motors, Mobile - 9926272299 (Raipur, Rajnandgaon, Dhamtari, Kawardha)

sumit


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


- राजनांदगांव : दर्जनभर शिक्षकों ने छोड़ी नौकरी अटैचमेंट के जरिए चल रहे आत्मानंद विद्यालय
- दुर्ग : वॉटर एटीएम बंद, लैब और लाइब्रेरी अपग्रेड नहीं
- रायगढ़ : आत्मानंद पीएमश्री में बदला, यहां मजबूरी में ही वॉशरूम जाती हैं छात्राएं
- बैकुंठपुर : खुले आसमान के नीचे गर्मी में लग रही कक्षाएं





रायपुर : उखड़ते प्लास्टर के नीचे टूटे फर्नीचर में बैठकर पर्चे हल कर रहे छात्र

# फंड की कमी से बिगड़ी आत्मानंद स्कूलों की हालत, मरम्मत ठप

हरिभूमि लाइव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, रायगढ़, बैकुंठपुर, धमतरी

राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद आत्मानंद स्कूलो की हाल बदत्तर हो गयी है। पिछले एक साल से राज्य शासन द्वारा न तो फंड जारी किया जा रहा है और न ही संसाधनो की व्यवस्था की जा रही है। हरिभूमि ने राजधानी रायपुर सहित अन्य जिलों की जमीनी हकीकत भी जानी, जिसमें चौंकाने वाली तस्वीरें सामने आई हैं। राजनांदगांव के 11 आत्मानंद स्कूलों में दर्जनभर से ज्यादा शिक्षकों ने नौकरी छोड़ दी है। राजधानी रायपुर में शिक्षकों ने ▶▶| शेष पेज 4 पर



### हादसे से सदमे में छात्र

रायगढ़ जिले के कोड़ातराई में संचालित होने वाले स्कूल में पढ़ाई के दौरान अक्सर क्लासरूम में छत का प्लास्टर गिरता है। टॉयलेट में इतनी गंदगी है कि छात्राएं यहां जाना पसंद नहीं करती हैं। भवन जर्जर हो चुका है और बारिश में स्कूल के छत से पानी टपकता है। छत और दीवारों से प्लास्टर उखड़ने लगे हैं। पिलर का वजूद खत्म हो रहा है। यहां पढ़ने वाले 908 विद्यार्थी ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पत्राचार किया है

स्कूल की खराब स्थिति को देखते हुए सरकार से पत्राचार किया गया था। राज्य सरकार ने नए भवन की स्वीकृति दी है। बहुत जल्द नया भवन बनकर तैयार होगा।

**- केवी वेंकट राव**
जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़

### अटैच किए हैं शिक्षक

जहां शिक्षकों ने नौकरी छोड़ दी है, वहां दूसरी स्कूलों के शिक्षकों को अटैच किया गया है। स्कूलों में नियमित रूप से पढ़ाई हो रही है। शासन के जो भी निर्देश मिल रहे हैं, उसका पालन किया जा रहा है।

**- प्रवास सिंह बघेल**
जिला शिक्षा अधिकारी, राजनांदगांव

### बाउंड्री वॉल ही टूटने की कगार पर

राजनांदगांव शहर के राजा सर्वेश्वर दास म्युनिसिपल हाई स्कूल को मॉडल आत्मानंद विद्यालय के रूप में परिवर्तित किया गया था।



यहां आलम यह है कि इसकी बाहरी बाउंड्री वॉल और मंच की दीवार से प्लास्टर उखड़ने लगे हैं। जिसकी मरम्मत तक नहीं करवाई जा रही है। पेयजल के साथ ही प्रसाधन कक्ष में साफ-सफाई का ▶▶| शेष पेज 4 पर

### अपग्रेडेशन के इंतजार में छात्र

दुर्ग जिले में 52 सरकारी स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हैं। अंग्रेजी माध्यम के 38 स्कूल चल रहे हैं। जिसमें 29 हजार 626 बच्चे पढ़ रहे हैं। हिन्दी माध्यम के 14 आत्मानंद स्कूल हैं। इन स्कूलों में 5 हजार 332 बच्चे अध्ययनरत हैं।



सरकार बदलने के बाद इन स्कूलों के संधारण के लिए फंड नहीं आया है। रिसाली, खुर्सीपार, ▶▶| शेष पेज 4 पर

### अभी तक नहीं मिली गणवेश

धमतरी जिले में इन स्कूलों के छात्रों को कांग्रेस शासनकाल में गणवेश दिया जाता था। इस शिक्षण सत्र में गणवेश भी नहीं दिया गया है। इस साल तो गणवेश का खर्चा पालकों को उठाना पड़ा। हर साल प्रगति पत्रक के साथ छात्रों को सालाना पत्रिका का वितरण किया जाता था। इस साल यह पत्रिका भी नहीं बांटी गई। नगर पंचायत आमदी में स्वामी आत्मानंद स्कूल चुनाव से पहले ही खुला। यहां पर केवल शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। बाकी कोई भी सुविधा इस स्कूल को नहीं दी गई है।

---

**नया खुलासा**

*औरंगजेब कब्र विवाद के बाद नागपुर हिंसा को लेकर जांच*

# फहीम समेत छह पर देशद्रोह का केस
# उपद्रव के पीछे बांग्लादेशी कनेक्शन

*नागपुर हिंसा मामले में एक नया मोड़ आया है। इसमें बांग्लादेश और पाकिस्तान से जुड़े सोशल मीडिया अकाउंट्स का नाम सामने आ रहा है। पुलिस जांच में पता चला है कि मुख्य आरोपी फहीम खान की फेसबुक आईडी से कई बांग्लादेशी और पाकिस्तानी अकाउंट्स को फॉलो किया गया था। इधर, फहीम खान समेत छह आरोपियों पर देशद्रोह का केस दर्ज किया गया है।*

एजेंसी ▶▶| नागपुर

साइबर पुलिस ने नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपी स्थानीय नेता फहीम खान और पांच अन्य के खिलाफ राजद्रोह और अशांति के दौरान सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि ये छह लोग उन 50 आरोपियों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ साइबर विभाग ने सोमवार को यहां हुई हिंसा के सिलसिले में चार प्राथमिकी दर्ज की हैं। पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) लोहित मतानी ने यहां प्रेस वार्ता में बताया कि साइबर अपराध विभाग ने 'फेसबुक', 'एक्स', 'इंस्टाग्राम' और 'यूट्यूब' अधिकारियों से उनके मंच पर मौजूद 230 प्रोफाइल के बारे में जानकारी मांगी है। इन पर रोक लगाये जाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि जैसे ही विभाग को सूचना ▶▶| शेष पेज 4 पर

- नागपुर हिंसा में बांग्लादेशी और पाकिस्तानी अकाउंट्स का कनेक्शन मिला
- मुख्य आरोपी फहीम की फेसबुक आईडी से विदेशी अकाउंट्स फॉलो किए गए
- पुलिस और साइबर सेल मामले की गहराई से कर रही है जांच

### पुलिस ने 18 विशेष टीम गठित कीं

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हुई हिंसा के आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने 18 विशेष टीम गठित की हैं। हिंसा के सिलसिले में अब तक 69 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। पुलिस ने 200 आरोपियों की पहचान कर ली है और सीसीटीवी फुटेज से अन्य संदिग्धों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



**तुम्हारी औरतों को उठाएंगे...:** नागपुर साइबर पुलिस के जरिए नवाज खान पठान नाम के इंस्टाग्राम यूजर का अकाउंट आइडेंटिफाई किया है, जो बांग्लादेश का है। इस अकाउंट में नागपुर दंगे के लेकर लिखा गया है कि इस बार सिर्फ हमला किया है। अगली बार तुम्हारी औरतों को उठाएंगे।



### औरंगजेब की कब्र को एएसआई ने ढका

औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इधर, मामले में आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने कदम उठाया है। एएसआई ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में औरंगजेब की कब्र के कुछ हिस्सों को टिन की चादरों से ढक दिया है।

---

# वित्त मंत्री ने कहा- गति के इस बजट में पिछली सरकार के गड्ढों को पाटने का भी काम हम कर रहे

**छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक पारित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक गुरुवार को सदन में सात घंटे की चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विनियोग विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में कहा, सुशासन की वजह से हम गरीब कल्याण की योजनाओं को आगे बढ़ाने में सफल हो पा रहे हैं। धान ख़रीदी, महतारी वंदन योजना, पीएम आवास योजना, भूमिहीन कृषक मजदूरो को देने वाली राशि की वजह से तीस हजार करोड़ का अतिरिक्त भार सरकार पर बढ़ा है। हमारी सरकार इसके बाद भी सुशासन में बूते सभी लक्ष्य पूरे कर रही है। पिछली सरकार ▶▶| शेष पेज 4 पर

### बीएड वालों को नौकरी से हटाया, उनकी तरफ भी ध्यान दें : नेता प्रतिपक्ष

विनियोग विधेयक पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा, वित्त मंत्री जांजगीर में कलेक्टर हुआ करते थे। मुझे पता चला था कि रायगढ़ के खरसिया से हैं तो मुझे बेहद खुशी हुई थी। उस वक्त आप नए बच्चों को सैनिक बनाने भेजा करते थे, लेकिन आज कई बच्चे हैं, जो अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, उनकी ओर भी ध्यान दे दें। बीएड के बच्चे जिन्हें नौकरी से हटा दिया उनकी तरफ भी ध्यान दे दें। मैं समझता हूं कि वित्त मंत्री वित्त विभाग ▶▶| शेष पेज 4 पर



### छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाएंगे

वित्त मंत्री ने कहा, आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर हैं, उसी दिशा में छत्तीसगढ़ भी आगे बढ़ रहा है। अपनी आजादी के बाद साउथ कोरिया के लोग डेवलपमेंट देखने भारत आए थे। उनका जनसंख्या घनत्व भारत देश से भी ज्यादा है। आजादी के वक्त भारत से भी ख़राब स्थिति थी। उनकी लीडरशिप मजबूत थी। वहां पार्क नाम का ▶▶| शेष पेज 4 पर

---

**सेंसरशिप को चुनौती**

# मस्क की कंपनी 'एक्स' ने भारत पर किया मुकदमा



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) ने भारत सरकार के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में एक वाद दायर करके कथित 'गैरकानूनी सामग्री विनियमन और मनमाने सेंसरशिप' को चुनौती दी है। 'एक्स' ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की केंद्र की व्याख्या, विशेष ▶▶| शेष पेज 4 पर

### गृह मंत्रालय का पोर्टल

गृह मंत्रालय के तहत, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा स्थापित यह पोर्टल धारा 79(3)(बी) के तहत हटाने के अनुरोधों को कारगर बनाने और सोशल मीडिया मंच और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सीधे संवाद की सुविधा के लिए तैयार किया गया था। वाद में दलील दी गई है कि यह न्यायिक निगरानी के बिना ऑनलाइन मंचों पर विमर्श को नियंत्रित करने का सरकार का एक और प्रयास है।

**तलाक याचिका पर अंतिम फैसला**

# युजवेंद्र चहल-धनश्री की राहें हो गई जुदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा की तलाक याचिका पर अंतिम फैसला हो गया है। दोनों कानूनी तौर पर अलग हो गए हैं। बांद्रा के फैमिली कोर्ट ने दोनों का तलाक मंजूर कर लिया है। युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा ने दिसंबर, 2020 में शादी की थी, मगर दोनों जून, 2022 से अलग रह रहे हैं।

### क्या है बॉम्बे हाईकोर्ट का वो अहम फैसला

दरअसल, बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट के उस फैसले को पलट दिया है, जिसमें चहल और धनश्री के तलाक के लिए 6 महीने के अनिवार्य कूलिंग-ऑफ पीरियड को छोड़ने से इनकार किया गया था। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट को आदेश दिया था कि वो तलाक की याचिका पर अंतिम फैसला सुनाए। ऐसी मांग इसलिए की गई है ताकि चहल की आईपीएल में भागीदारी प्रभावित न हो।

---

**कॉलेजियम ने दी मंजूरी**

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में तीन न्यायाधीशों का बढ़ेगा एक साल का कार्यकाल

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने आठ न्यायिक अधिकारियों को गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कॉलेजियम में न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी शामिल थे, जिसकी बैठक 19 मार्च को हुई। कॉलेजियम ने यह भी सिफारिश की कि ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पंजाब, हरियाणा में इनके नाम

कॉलेजियम ने अतिरिक्त न्यायाधीशों न्यायमूर्ति सुमित गोयल, न्यायमूर्ति सुदीप्ति शर्मा और न्यायमूर्ति कीर्ति सिंह को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**देहरादून।** उत्तराखंड में इस वर्ष की चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए ऑनलाइन पंजीकरण गुरुवार को शुरू कर दिया गया। चारधाम-बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री तथा हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा जाने के इच्छुक तीर्थयात्री वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं।

## 188 जजों का तबादला, बदल गए चार प्रधान जिला न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 188 जजों का तबादला आदेश जारी किया है। इस आदेश में चार जिलों के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीशों के भी नाम शामिल हैं। आठ अलग-अलग आदेश जारी कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से लेकर सिविल जज जूनियर डिवीजन तक ट्रांसफर हुए हैं। इसमें चार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चार सीजेएम रैंक के जज, 60 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के तबादले हुए हैं। 33 सीनियर सिविल जजों और 87 सिविल जज जूनियर डिवीजन के भी तबादले हुए हैं। सूरजपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े को बस्तर जगदलपुर का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। किरण चतुर्वेदी प्रोसिडिंग आफिसर छग स्टेट वक्फ ट्रिब्यूनल ▶▶| शेष पेज 4 पर




## चिंतन

# परिसीमन पर डीएमके का वितंडा निरर्थक

परिसीमन और हिन्दी भाषा पर तमिलनाडु में सत्ताधारी डीएमके का विवाद खड़ा करना राज्य के विकास से जुड़े असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक या डीएमके) के सदस्य बृहस्पतिवार को प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ नारे लिखी टी-शर्ट पहनकर संसद के दोनों सदनों में पहुंच गए, जिस कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई और अंततः दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। परिसीमन के मुद्दे पर सदन को बाधित करना कहीं से भी उचित नहीं है, अभी परिसीमन प्रारंभ भी नहीं हुआ है, वर्ष 2026 में प्रस्तावित है। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके की मांग है कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे उन प्रदेशों को लोकसभा सीटों के संदर्भ में नुकसान होगा, जिन्होंने प्रभावी ढंग से जनसंख्या नियंत्रण किया है। पिछले सप्ताह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दक्षिणी राज्यों को आश्वासन दिया था कि यदि परिसीमन किया जाता है, तो उन्हें एक भी संसदीय सीट नहीं खोनी पड़ेगी। तमिलनाडु को केंद्र पर भरोसा करना होगा। राजनीति के लिए केंद्र से टकराव संघीय व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। आगे तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव है, तो डीएमके प्रमुख व सीएम एमके स्टालिन की कवायद तमिल स्मिता को भड़का कर फिर से सत्ता पाने की है। क्योंकि नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूला है, इसलिए तमिल को कोई खतरा नहीं है, केंद्र सरकार किसी भी राज्य पर नई शिक्षा नीति में हिन्दी नहीं थोप रही है। संविधान में अनुसूचित 22 भाषाओं में हिंदी भी है और तमिल भी। तमिल संस्कृत की तरह प्राचीन भाषा है। डीएमके करुणानिधि के वक्त से ही फ्रीबिज और तमिल अस्मिता की राजनीति करती रही है, जिसमें तमिल हिंदी व हिंदू धर्म के खिलाफ प्रोपेगैंडा शामिल है। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने एमके स्टालिन के हिंदी विरोध को खारिज किया है और हिंदी की व्यापकता से किसी भी राज्यीय व अन्य भारतीय भाषा को खतरा नहीं होने की बात कही है। कला क्षेत्र से बात निकली है कि अगर हिंदी विरोध इतना सशक्त है तो तमिल फिल्मों का हिंदी डब क्यों होता है, जो बड़ा बाजार है। तमिल भाषा की रक्षा का दायित्व डीएमके का नहीं है, यह समस्त तमिल भाषी लोगों का है। इसके ठेकेदार बनने की किसी को कोई जरूरत नहीं है। जब डीएमके नहीं बनी थी, तब भी तमिल भाषा थी। परिसीमन पर वितंडा खड़ा कर राजनीति करना डीएमके को ही नुकसान पहुंचाएगा। तमिलनाडु केवल डीएमके नहीं है। समृद्ध तमिलनाडु की एसजीडीपी में सतत कमी के लिए डीएमके और अन्ना डीएमके पार्टियां ही जिम्मेदार हैं। परिसीमन व हिन्दी के नाम पर तमिलनाडु के विकास व रोजगार के प्रश्न को नहीं ढंका जा सकता है। लोकसभा सीटों का वर्तमान वितरण 1971 की जनगणना पर आधारित है। 1976 में, आपातकाल के दौरान, इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने 42वां संविधान संशोधन पारित किया, जिसने 2001 की जनगणना तक 25 वर्षों के लिए संसदीय सीटों के संशोधन को रोक दिया था। 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने 84वें संविधान संशोधन के ज़रिए इस प्रतिबंध को 2026 तक बढ़ा दिया था। दोनों संशोधनों के पीछे तर्क जनसंख्या नियंत्रण उपायों को बढ़ावा देना था। तमिलनाडु समेत सभी चिंतित राज्यों को वर्ष 2026 का इंतजार करना चाहिए। तब तक डीएमके के हायतौबा का कोई अर्थ नहीं है।

# क्रायोजेनिक तकनीक में देश की छलांग



**मानवयुक्त गगनयान**
प्रमोद भार्गव

> इस प्रौद्योगिकी के निर्माण में भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। यही वह इंजन है, जो मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस लाने के लिए की जा रही हैं। दरअसल हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व-शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों, अन्य उपकरणों और मानवों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करते हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. वी नारायण ने कहा है कि भारत उन छह देशों में से एक हैं, जिन्होंने स्वदेशी क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी विकसित कर ली है। अन्य पांच देश अमेरिका, फ्रांस, रूस, चीन और जापान हैं। आईआईटी मद्रास में नए शोध केंद्र के शुभारंभ पर नारायण ने आगे कहा कि इसरो के सीई-20 इंजन ने गगनयान मिशन के लिए मानव रेटिंग हासिल कर ली है। मानव रेटिंग प्रक्रिया तय करती है कि मनुष्य को अंतरिक्षयान में लेकर उड़ान भरने वाली यह प्रणाली सुरक्षित है। यह अंतरिक्ष यात्रा के लिए सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए एक जरूरी प्रक्रिया है।

नारायण ने बताया कि एक समय क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी भारत को अन्य देशों ने नहीं दी थी। परंतु आज हमारे पास तीन ऐसे इंजन हैं, जिनमें से तीसरा मानव रेटेट है। हमने इस प्रौद्योगिकी में तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। इस अभियान को तीसरे प्रयास में ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया गया था। इंजन के परीक्षण से लेकर उड़ान भरने तक यह अभियान 28 महीनों में पूरा किया, जबकि अन्य देशों को इसमें 42 महीनों से लेकर 18 वर्ष तक का समय लगा। परीक्षण में भी हमें मात्र 34 दिन लगे, जबकि अन्य देशों को परीक्षण पूरा करने में ही पांच से छह माह तक लगे हैं। अतएव इस प्रौद्योगिकी के निर्माण में भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। यही वह इंजन है, जो मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस लाने के लिए की जा रही हैं। दरअसल हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। अन्यथा एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। असल में किसी भी प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व-शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों, अन्य उपकरणों और मानवों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करते हैं। भारत ने शुरुआत में रूस से इंजन खरीदने का अनुबंध किया था, लेकिन 1990 के दशक के आरंभ में अमेरिका ने मिसाइल तकनीक नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का हवाला देते हुए इसमें बाधा उत्पन्न कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि रूस ने तकनीक तो नहीं दी लेकिन छह क्रायोजेनिक इंजन जरूर भारत को शुल्क लेकर भेज दिए। कालांतर में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की मदद से भारत को एमटीसीआर क्लब की सदस्यता भी मिल गई, लेकिन इसके पहले ही इसरो के वैज्ञानिकों के कठोर परिश्रम और दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते स्वदेशी तकनीक के बूते चरणबद्ध रूपों में इंजन को विकसित कर लिया गया।

मानव मिशन की इस उड़ान के पहले चरण का सफल प्रक्षेपण इसरो पहले ही कर चुका है। देश के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान से जुड़े पैलोड के साथ उड़ान भरने वाले परीक्षण यान के असफल होने की स्थिति में क्रू मॉड्यूल अर्थात जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे, को बाहरी अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद वापस सुरक्षित लाने के लिए 'क्रू एस्केप सिस्टम' यानी चालक दल बचाव प्रणाली (सीईएस) का सफल परीक्षण कर इसरो विश्व कीर्तिमान स्थापित कर



चुका है। इस बचाव प्रणाली की जरूरत इसलिए थी, क्योंकि यान के असफल होने पर कई वैज्ञानिक प्राण गंवा चुके हैं। गगनयान परियोजना के तहत इसरो मानव चालक दल को 400 किमी ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजेगा। बाद में सुरक्षित पृथ्वी पर वापस समुद्र में उनकी लैंडिग कराई जाएगी। अतएव भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो में वैज्ञानिकों के साथ बातचीत में उनके लिए लक्ष्य भी तय कर दिए हैं कि 2035 में भारत अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित हो तथा 2040 में चंद्रमा पर भारतीय नागरिक के कदम पड़ जाएं। अब तक भारतीय या भारतीय मूल के तीन वैज्ञानिक अंतरिक्ष की यात्रा कर चुके हैं। राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय हैं। इनके अलावा भारतीय मूल की कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स भी अमेरिकी कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष जा चुकी हैं। हालांकि पूर्व में भारत ने 2022 तक अंतरिक्ष में मानव भेजने की घोषणा की थी। लेकिन इस पर समय रहते क्रियान्वयन नहीं हो पाया। अंतरिक्ष में मानवरहित और मानवचालित दोनों तरह के यान भेजे जाएंगे। पहले चरण में योजना की सफलता को परखने के लिए अलग-अलग समय में दो मानव-विहीन यान अंतरिक्ष की उड़ान भरेंगे। इनकी कामयाबी के बाद मानव-युक्त यान अपनी मंजिल का सफर तय करेगा। यह सावधानी इसलिए बरती जा रही है, क्योंकि अमेरिकी मानव मिशन की असफलता के चलते भारतीय महिला वैज्ञानिक कल्पना चावला की मृत्यु हो गई थी। वे कोलंबिया अंतरिक्ष यान आपदा में मारे गए 7 यात्री दल सदस्यों में से एक थीं।

मानव युक्त गगनयान की कामयाबी के बाद भारत अमेरिका, रूस और चीन की श्रेणी में आ जाएगा। क्योंकि इन्हीं देशों ने अब तक अंतरिक्ष में अपने मानवयुक्त यान भेजने में सफलता पाई है। भारत ने अब अंतरिक्ष में बड़ी छलांग लगाने की पहल कर दी है। भारत द्वारा अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले गगनयान का भार 7 टन, ऊंचाई 7 मीटर और करीब 4 मीटर व्यास की गोलाई होगी। 'गगनयान' जीएसएलवी (एमके-3) रॉकेट से अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद 16 मिनट में अंतरिक्ष की कक्षा में पहुंच जाएगा। इसे धरती की सतह से 400 किमी की दूरी वाली पृथ्वी कक्षा में स्थापित किया जाएगा। सात दिन तक कक्षा में रहने के बाद गगनयान को अरब-सागर, बंगाल की खाड़ी अथवा जमीन पर उतारा जाएगा। इस संबंध में पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेष शर्मा से भी मदद ली जा रही है। भारत पहले दो गगनयान-अभियान मानवरहित भेजेगा। दरसअल अंतरिक्ष में मौजूद ग्रहों पर यानों को भेजने की प्रक्रिया बेहद जटिल और शंकाओं से भरी होती है। यदि अवरोह का कोण जरा भी डिग जाए या फिर गति का संतुलन थोड़ा सा ही लड़खड़ा जाए तो कोई भी अंतरिक्ष-अभियान ध्वस्त हो जाता है या अंतरिक्ष में कहीं भटक जाता है। भारत ने गगनयान को अंतरिक्ष में भेजने की दृष्टि से श्रीहरिकोटा में जीएसएलवी मार्क-3 को स्थापित करने की तैयारी शुरू की हुई है। इसरो ने परीक्षण के तौर पर क्रू एस्केप मॉड्यूल का पहला पड़ाव पार कर लिया है और अब मानव रेटेट क्रायोजेनिक इंजन भी तैयार भी हो गया है। बहरहाल, अंतरिक्ष में भारतीय मानव मिशन के सफल होने के बाद ही चंद्रमा और मंगल पर मानव भेजने का रास्ता खुलेगा। इन पर बस्तियां बसाए जाने की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी। आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष पर्यटन के भी बढ़ने की उम्मीद है। इसरो की यह सफलता अंतरिक्ष पर्यटन की पृष्ठभूमि का एक हिस्सा है। यह अभियान देश में अंतरिक्ष शोधकार्यों को बढ़ावा देगा। साथ ही भारत को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रोद्यौगिकी तैयार करने में मदद मिलेगी। वैज्ञानिकों का तो यहां तक दावा है कि दवा, कृषि, औद्योगिक सुरक्षा, प्रदूषण, कचरा प्रबंधन तथा पानी एवं खाद्य स्त्रोत प्रबंधन के क्षेत्र में भी तरक्की के नए मार्ग खुलेंगे।

(लेखक साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**विश्व जल दिवस**
पंकज चतुर्वेदी



# भविष्य के लिए पानी की बर्बादी को रोकना जरूरी

जाम्बा, करनाल से कैथल जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक संपन्न गांव है। कोई 1250 की आबादी वाले पूरे गांव में 242 घर हैं और सभी पक्के हैं। यहां 'हर घर जल की सरकारी योजना के तहत प्रत्येक घर तक पानी की लाइन है। गांव में ही जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा ने एक ट्यूबवेल लगा रखा है। एक कर्मचारी सुबह-शाम एक-एक घंटा इसे चला कर घरों तक पानी पहुंचाता है। पानी को क्लोरिन से शुद्ध किया जाता है। सरकार इसके लिए महज चालीस रुपये महीना लेती है और वह भी कई ग्रामीण चुकाते नहीं। गांव वालों की शिकायत है कि पानी कम आता है। हकीकत तो यह है कि दिन में दो घंटे मोटर चलने से एक आठ लोगों के परिवार के पीने, रसोई, नहाने का पानी पर्याप्त पहुंच जाता है। असल में हर घर में मवेशी पले हैं और अब ग्रामीण चाहते हैं कि ढोर के नहलाने का पानी भी नल से ही आए। यह पूरी सरकारी योजना जिस भूजल पर टिकी है, असल में वह किसी भी दिन धोखा दे सकती है। जाम्बा को ही क्यों कोसें , दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों को इस बात के लिए गर्व से प्रचारित किया जाता है कि वहां घरों में गंगा-वाटर आता है। ऐसे इलाकों में फ्लेट के दाम इस कारण अधिक होते हैं। जिस गंगा जल को घरों में एक बोतल में पवित्र निशानी की तरह रखा जाता है, वह गंगा जल लाखों घरों में शौचालय से लेकर कपड़े धोने तक में इस्तेमाल होता है। कृषि मंत्रालय के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का एक ताजा शोध बताता है कि सन 2030 तक हमारे धरती के तापमान में 0.5 से 1.2 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि अवश्यंभावी है। साल-दर-साल बढ़ते तापमान का प्रभाव सन 2050 में 0.80 से 3.16 और सन 2080 तक 1.56 से 5.44 डिग्री हो सकता है। जान लें कि तापमान में एक डिग्री बढ़ोतरी का अर्थ है कि खेत में 360 किलो फसल प्रति हैक्टेयर की कमी आ जाना। इस तरह जलवायु परिवर्तन के चलते खेती के लिहाज से 310 जिलों को संवेदनशील माना गया है। सामने दिख रहा है कि संकट अकेले पानी का ही नहीं है, अलग-अलग किस्म का पानी, अलग-अलग इस्तेमाल के लिए कैसे छांटा जाए, इस बारे में तंत्र विकसित करना और सबसे बड़ी बात इसके लिए जागरुकता फैलाना अनिवार्य है। भारत में जिस साल अल्प वर्षा होती है, उस साल भी इतनी कृपा बरसती है कि सारे देश की जरूरत पूरी हो सकती है लेकिन हमारी असली समस्या बरसात की हर बूंद को रोक रखने के लिए हमारे पुरखों द्वारा बनाए तालाब-बावड़ी या नदियों की दुर्गति करना है। हम यह भूल जाते हैं कि प्रकृति जीवनदायी संपदा यानी पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है और इस चक्र को गतिमान रखना हमारी जिम्मेदारी है। प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं उसे वापस भी हमें ही लौटाना होता है। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई जैसे महानगरों में पाइपलाइनों के वॉल्व की खराबी के कारण 17 से 44 प्रतिशत पानी प्रतिदिन बेकार बह जाता है। ब्रह्मपुत्र नदी का प्रतिदिन 2.16 घन मीटर पानी बंगाल की खाड़ी में चला जाता है। भारत में हर वर्ष बाढ़ के कारण करीब हजारों मौतें व अरबों का नुकसान होता है। इजरायल में औसत बारिश 10 सेंटीमीटर है , इसके बावजूद वह इतना अनाज पैदा कर लेता है कि वह उसका निर्यात करता है। दूसरी ओर भारत में औसतन 50 सेंटीमीटर से भी अधिक वर्षा होने के बावजूद सिंचाई के लिए जरूरी जल की कमी बनी रहती है। यह भी कड़वा सच है कि हमारे देश में औरतें पीने के पानी के जुगाड़ के लिए हर रोज ही औसतन चार मील पैदल चलती हैं। पानीजन्य रोगों से विश्व में हर वर्ष 22 लाख लोगों की मौत हो जाती है। पूरी पृथ्वी पर एक अरब 40 घन किलोलीटर पानी है। इसमें से 97.5 प्रतिशत पानी समुद्र में है जोकि खारा है, शेष 1.5 प्रतिशत पानी बर्फ के रूप में ध्रुव प्रदेशों में है। बचा एक प्रतिशत पानी नदी, सरोवर, कुआं, झरना और झीलों में है। इस एक प्रतिशत पानी का 60वां हिस्सा खेती और उद्योगों में खपत होता है। बाकी का 40वां हिस्सा हम पीने, भोजन बनाने, नहाने, कपड़े धोने आदि में खर्च करते हैं। यदि ब्रश करते समय नल खुला रह गया है तो पांच मिनट में करीब 30 लीटर पानी बर्बाद होता है। यदि अभी पानी को सहेजने और किफायती इस्तेमाल पर काम नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं जब सरकार की हर घर नल जैसी योजनाएं जल-स्त्रोत ना होने के कारण रीती दिखेंगी। जान लें, पानी की कमी, मांग में वृद्धि तो साल-दर-साल ऐसी ही रहेगी। अब मानव को ही बरसात की हर बूंद को सहेजने और उसे किफायत से खर्च करने पर विचार करना होगा। इसमें अन्न की बर्बादी सबसे बड़ा मसला है। जितना अन्न बर्बाद होता है, उतना ही पानी जाया होता है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## निंदा का परित्याग



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

## दान की बड़ी महिमा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**वैश्विक होती दुनिया में पेड़**

वैश्विक फलक पर सबसे अहम गणना, जनगणना मानी जाती है। हालांकि पालतू-पशु, वन्य जीव और वृक्षों की गिनती भी होती रही है, लेकिन इन्हें जनगणना के मुकाबले अहमियत नहीं दी जाती। यही वजह रही कि विश्व स्तर पर वृक्षों की, की गई गिनती के निष्कर्षों को समाचार माध्यमों ने उतना महत्व नहीं दिया, जितना दिया जाना चाहिए था, जबकि पेड़ों की अस्मिता पर ही मनुष्य व अन्य प्राणियों का जीवन टिका हुआ है। गोया, पेड़ एक ऐसी प्राकृतिक संपदा है, जिसका यदि विनाश होता है तो मनुष्य का सुखद जीवन भी संभव नहीं है। जब से मानव सभ्यता के विकास का क्रम शुरू हुआ है, तब से लेकर अब तक वृक्षों की संख्या में 46 प्रतिशत की कमी आई है। आकलन है कि विश्व में तीन लाख करोड़ वृक्ष हैं। वन दिवस पर हमें पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए। *– मोहन कश्यप, सरायपाली*

## ट्रेंड

### नई रोजगार योजना



किसी भी राष्ट्र की ताकत को उस राष्ट्र के युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और अनुशासन से मापा जा सकता है। हम नई स्कीम को लेकर आए हैं, जिससे उत्तर प्रदेश के युवा को प्रदेश के बाहर नौकरी और रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### सामूहिक सहभागिता



दिल्ली के विकास के लिए सबका साथ और सामूहिक सहभागिता जरूरी है। जब हम मिलकर काम करेंगे, तभी हर समस्या का समाधान होगा और विकसित दिल्ली का सपना साकार होगा। आइए, एक साथ आगे बढ़ें और दिल्ली को ऊंचाइयों तक ले जाएं!
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### भाजपा-आप किसान विरोधी



ऐसा लगता है कि दो किसान विरोधी पार्टियों ने देश के अन्नदाता के विरोध में सांठगांठ कर ली है! पहले किसानों को पंजाब सरकार ने बातचीत के लिए बुलाया, फिर जबरन धरना स्थल से हटाया। भाजपा-आप दोनों ही किसानों की अपराधी रहीं हैं।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### ओटीटी प्लेटफॉर्म



ओटीटी प्लेटफॉर्म ने बैंडिट क्वीन का सेंसर किया हुआ संस्करण काट दिया, मुझे यकीन भी नहीं है कि उन्हें कानूनी तौर पर ऐसा करने की अनुमति है.. उन्होंने बस फिल्म का अपना संस्करण पेश किया।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# टेक्सास की संसद ने पारित किया होली का प्रस्ताव



टेक्सास की संसद ने प्रमुख हिंदू त्योहार होली के संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें आधिकारिक तौर पर होली को एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पर्व के रूप में मान्यता दी गई है। इस कदम के साथ जॉर्जिया और न्यूयॉर्क के बाद होली को औपचारिक रूप से मान्यता देने वाला टेक्सास, तीसरा अमेरिकी राज्य बन गया है। यह प्रस्ताव सांसद सारा एकहार्ट ने पेश किया जिसे 14 मार्च को होली के ठीक पहले पारित किया गया। इस प्रस्ताव में होली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रस्ताव में कहा गया है, ' इस उल्लासमय त्योहार की शुरुआत हजारों वर्ष पहले हुई थी। इस त्योहार को दुनिया में हर पृष्ठभूमि वाले वे लोग मनाते और मान्यता देते हैं जो इसे प्रेम, ऊर्जा और प्रगति का पर्व मानते हैं।' ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्यदूत मंजूनाथ ने बताया, ''यह टेक्सास के लिए गर्व और ऐतिहासिक क्षण है। राज्य सीनेट द्वारा होली को मान्यता देना विविधता, एकता, मित्रता और सांस्कृतिक विरासत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम सीनेटर सारा एकहार्ट और उन सभी लोगों को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने इस प्रस्ताव को संभव बनाया...।' 'हिन्दू अमेरिकन फाउंडेशन' ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

## ऑफ बीट

# उम्र बढ़ने की प्रक्रिया सबमें समान नहीं



आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते होंगे, जो अपनी वास्तविक उम्र से छोटा दिखाई देता होगा। इसी तरह आप ऐसे लोगों के भी संपर्क में आए होंगे, जो अपनी उम्र से काफी बड़े नजर आते हैं। क्या कारण है कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं होती? मैंने अपने पूरे करियर में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया (एजिंग) पर अध्ययन किया है। मैं मिशिगन विश्वविद्यालय में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से संबंधित कोशिकीय एवं आणविक विज्ञान का प्रोफेसर हूं। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़े अनुसंधान में ऐसा समाधान नहीं तलाशा जाता, जो ढलती उम्र में आपको होने वाली हर बीमारी से निजात दिला सके। बल्कि, पिछले एक या दो दशक में हुए शोध इस ओर इशारा करते हैं कि 'एजिंग' एक बहुकारकीय प्रक्रिया है और इसे महज एक उपाय से नहीं रोका जा सकता। 'एजिंग' क्या है? -एजिंग की अलग-अलग परिभाषाएं हैं, लेकिन वैज्ञानिक आमतौर पर कुछ समान कारकों पर सहमत होते हैं : उम्र बढ़ने की प्रक्रिया समय पर निर्भर करती है, जो व्यक्ति को बीमारियों, चोट और मौत के खतरे के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

वर्ल्ड हैपिनेस डे के मौके पर गुरुवार को 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2025' जारी हुई है। इस रिपोर्ट में फिनलैंड लगातार आठवीं बार दुनिया का सबसे खुशहाल देश बना है। 147 देशों की इस रैंकिंग में भारत को 118वां स्थान मिला है। पिछले साल इस रैंकिंग में भारत 126वें नंबर पर था। इस तरह भारत की रैंकिंग में आठ स्थानों का सुधार हुआ है।

'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2025' हुई जारी

# फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश, भारत की रैंकिंग में सुधार

## भारत को मिला 118वां स्थान जबकि पाक की रैंकिंग है 109वीं

एजेंसी ▶▶| लंदन

चौंकाने वाली बात यह है कि इस सूची में भारत से इस बार भी पाकिस्तान ने बाजी मार ली है। पाकिस्तान को हैप्पीनेस इंडेक्स में 109वीं रैंकिंग मिली है। वेलबीइंग रिसर्च सेंटर, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से प्रकाशित वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2025 के अनुसार, अन्य नॉर्डिक देश भी एक बार फिर खुशी की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। फ़िनलैंड के अलावा, डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडन शीर्ष चार में बने हुए हैं और इसी क्रम में हैं। देशों की रैंकिंग उन जवाबों पर आधारित थी जो लोगों ने तब दिए जब उनसे उनके खुद के जीवन को रेट करने के लिए कहा गया। यह अध्ययन एनालिटिक्स फर्म गैलप और यूएन सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशन नेटवर्क के साथ साझेदारी में किया गया था।

जहां एक ओर नॉर्डिक देशों ने टॉप स्थानों पर कब्जा जमाया, वहीं अमेरिका और ब्रिटेन की रैंकिंग में लगातार गिरावट देखी गई। अमेरिका जो पहले टॉप 20 में शामिल था, अब इस लिस्ट में और नीचे खिसक गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका में बढ़ती सामाजिक असमानता, तनाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ लोगों की खुशहाली पर नकारात्मक असर डाल रही हैं। इसी तरह, ब्रिटेन भी पहले की तुलना में नीचे आ गया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि विकसित देशों में खुशहाली सिर्फ जीडीपी की बढ़ोतरी से तय नहीं होती। पश्चिमी औद्योगिक देशों में खुशहाली का ग्राफ अब 2005-2010 के मुकाबले नीचे आ चुका है। 15 देशों में खुशी का स्तर गिरा है, जबकि सिर्फ 4 देशों में सुधार हुआ है। खासकर अमेरिका, स्विट्ज़रलैंड और कनाडा में यह गिरावट 0.5 अंकों से ज्यादा रही, जिससे ये 'टॉप 15 सबसे ज्यादा उदास" देशों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

**अमेरिका ब्रिटेन की रैंकिंग में गिरावट**



### अफगानिस्तान सबसे दुखी देश

अफगानिस्तान एक बार फिर बना दुनिया के सबसे दुखी देश में शामिल हुआ है। अफगान महिलाओं ने कहा है कि इस देश में जिंदगी एक संघर्ष में बन गई है। पश्चिमी अफ्रीका का सिएरा लियोन दूसरे पायदान पर, जबकि लेबनान तीसरे सबसे अधमरे देश के रूप में दर्ज हुआ है। उसके बाद मलावी, जिम्बाब्वे, बोत्सवाना, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, यमन, कोमोरोस और लेसोथो देश शामिल हैं।

### दुनिया के 20 सबसे खुशहाल देश

फिनलैंड, डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन, नीदरलैंड, कोस्टा रिका, नॉर्वे, इस्राइल, लक्ज़मबर्ग, मेक्सिको, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, स्विटजरलैंड, बेल्जियम, आयरलैंड, लिथुआनिया,ऑस्ट्रियाच कनाडा, स्लोवेनिया, चेक गणराज्य।

### खुशी का असली पैमाना

गैलप के सीईओ जॉन क्लिफ्टन के अनुसार खुशी सिर्फ पैसा या विकास पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह इस बात पर भी निर्भर करती है कि लोग एक-दूसरे पर कितना भरोसा करते हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि छोटे-छोटे सामाजिक कारक, जैसे कि परिवार के साथ भोजन करना, किसी भरोसेमंद व्यक्ति का साथ होना और सामाजिक सहयोग, खुशी के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि किसी समुदाय में दूसरों की ईमानदारी और भलाई में विश्वास करना, खुशहाली का एक बड़ा संकेतक है। उदाहरण के लिए, जिन देशों में लोग यह मानते हैं कि अगर उनका बटुआ खो जाए तो उन्हें वापस मिल सकता है, वे आमतौर पर अधिक खुशहाल पाए गए. नॉर्डिक देशों में खोए हुए बटुए की वापसी की दर सबसे अधिक दर्ज की गई, जिससे यह पता चलता है कि वहाँ परस्पर विश्वास और ईमानदारी का स्तर ऊंचा हैं।

---

लगे संगीन इल्जाम, वीसा भी रद्द, इंडिया डिपोर्ट करने की कार्रवाई शुरू

# हमास से कनेक्शन का आरोप, अमेरिका में भारतीय मुस्लिम छात्र हुआ गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में पोस्ट-डॉक्टरेट फेलो भारतीय छात्र बदर खान सूरी को वहां की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फेडरल एजेंट्स ने उन्हें गिरफ्तार किया और अब बदर को इंडिया डिपोर्ट करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। बदर पर फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास का समर्थन करने और उसके समर्थन में प्रोपेगेंडा चलाने का आरोप लगा है। बदर खान के वकील हसन अहमद ने जानकारी दी कि बदर को वर्जिनिया में उनके घर से डिटेन किया गया। नकाबपोश एजेंट उन्हें गिरफ्तार करने आए थे, जिन्होंने खुद को होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के अधिकारी बताया। उन्होंने बताया कि बदर खान को गिरफ्तार कर रहे हैं और उनका वीजा रद्द कर दिया गया है। जल्दी ही इन्हें वापस इंडिया डिपोर्ट कर दिया जाएगा।

*जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में पोस्ट-डॉक्टरेट फेलो है आरोपी छात्र बदर खान सूरी*

*एक माह पहले एक और भारतीय छात्रा पर हुई थी ऐसी ही कार्रवाई*



### यहूदी-विरोधी विचारधाराओं के प्रचार का आरोप

होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की सहायक सचिव ट्रिशिया मैक्लॉघलिन ने बताया कि बदर खान सूरी जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट थे, लेकिन वे हमास के समर्थन में थे। वे सोशल मीडिया पर यहूदी-विरोधी विचारधाराओं का प्रचार कर रहे थे। अमेरिका के विदेश मंत्री द्वारा 15 मार्च 2025 को एक आदेश जारी किया गया। इसके अनुसार, सूरी के संदिग्ध आतंकवादी से गहरे संबंध है, जो आतंकी संगठन हमास का वरिष्ठ सलाहकार है।

### दिल्ली कॉलेज में की है पढ़ाई

*बदर खान वाशिंगटन डीसी के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के स्टूडेंट हैं। एडमंड ए वॉल्श स्कूल ऑफ फॉरेन सर्विस में पोस्ट डॉक्टरल फेलो हैं। स्कूल के अलवलीद बिन तलाल सेंटर फॉर मुस्लिम-क्रिश्चियन अंडरस्टैंडिंग में फेलो हैं। बदर ने दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया के स्टूडेंट हैं। उन्होंने नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कॉन्फ्लिक्ट रिजोल्यूशन से पीस एंड कॉन्फलिक्ट स्टडीज में साल 2020 में पीएचडी की थी।*

### रंजनी को भी छोड़ना पड़ा था अमेरिका

हमास का समर्थन करने पर भारतीय छात्रा का वीजा रद्द



अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़ रही भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन का भी इसी महीने वीजा रद्द कर दिया गया था। श्रीनिवासन पर आरोप था कि वो 'हिंसा-आतंकवाद को बढ़ावा देने' और हमास का समर्थन करने वाली गतिविधियों में शामिल थीं। वीजा रद्द होने के बाद रंजनी अमेरिका छोड़ चुकी हैं। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) के मुताबिक रंजनी को F-1 स्टूडेंट वीजा के तहत कोलंबिया यूनिवर्सिटी के अर्बन प्लानिंग में पीएचडी करने के लिए एडमिशन मिला था। अमेरिकी विदेश विभाग ने 5 मार्च को उनका वीजा निरस्त कर दिया था। इसके बाद रंजनी ने 11 मार्च को अमेरिका छोड़ दिया। डीएचएस की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा कि अगर कोई इंसान हिंसा और आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इस देश में रहने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

### भारत में लॉन्च हुई वेट लॉस ड्रग, झूलती चर्बी करेगी कम

**नई दिल्ली।** अमेरिकी दवा कंपनी इली लिली ने भारत में अपनी डायबिटीज और वजन घटाने वाली दवा मौनजारो लॉन्च की है। यह दवा भारत के दवा नियामक से मंजूरी मिलने के बाद आई है। कंपनी ने यह जानकारी दी। मौनजारो के 5 एमजी वायल की कीमत 4,375 और 2.5 एमजी वायल की कीमत 3,500 रुपये होगी। भारत में यह खास कीमत इसलिए रखी गई है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस आधुनिक इलाज तक पहुंच बना सकें। लिली की डायबिटीज और वजन घटाने वाली दवाओं की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है। भारत में इस दवा का लॉन्च एक बड़ा अवसर है। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है और यहां मोटापे और डायबिटीज के मामले बढ़ रहे हैं। कंपनी का दावा है कि यह दवा मेटाबॉलिक हेल्थ सुधारने और वजन घटाने का नया और कारगर तरीका साबित हो सकता है। लिली इंडिया ने कहा कि भारत में मोटापा और टाइप 2 डायबिटीज एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन रही है। भारत में लगभग 10.1 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं और मोटापा डायबिटीज का एक प्रमुख कारण है।

# नारे लिखी टी-शर्ट पहनकर आए डीएमके सांसद, हंगामा सदन की कार्यवाही स्थगित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**लोकसभा में विपक्षी सांसदों पर भड़के स्पीकर बिड़ला**

लोकसभा में गुरुवार को परिसीमन के मुद्दे पर जोरदार हंगामा देखने को मिला और सदन की कार्यवाही शुरू होती ही एक घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में तमिलनाडु के सांसद डिलिमिटेशन के मुद्दे पर अपना विरोध जताने के लिए टी-शर्ट पहनकर आए थे और कार्यवाही शुरू होती ही नारेबाजी करने लगे, इसे लेकर स्पीकर ओम बिड़ला नाराज हो गए और उन्होंने विपक्षी सांसदों को जमकर फटकार लगाई। स्पीकर ने हंगामा करने वाले सांसदों से कहा कि सदन मर्यादा से चलता है, गरिमा से चलता है। कुछ सदस्य लगातार नियमों को तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियम संख्या 349 पढ़ लीजिए, जिसमें साफ तौर पर लिखा है कि सदन में किस तरह का बर्ताव करना चाहिए। अगर आप टी-शर्ट पहनकर यहां आएंगे, नारे लिखकर लाएंगे, सदन में नारे लगाएंगे तो सदन नहीं चलेगा।




## प्रथम पृष्ठ का शेष

### नक्सलियों पर बड़ा...

**31 मार्च 2026 से पहले देश होगा नक्सलमुक्त : अमित शाह-** जवानों की सफलता पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है। गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर जवानों की सराहना की है और एक जवान की शहादत को नमन किया है।

### जवानों का डीआईजी...

बीएसएफ, आईटीबीपी, सीएएफ व अन्य सुरक्षबलों की सफलता है। जवानों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास के लिए समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है और जल्द ही बस्तर को नक्सलमुक्त करने हम प्रयासरत है।

### आईपीएल में गेंदों...

रहे लेकिन अधिकांश ने इस कदम का समर्थन किया।

### फंड की कमी...

नौकरी तो नहीं छोड़ी है, लेकिन रख-रखाव के अभाव में छत से प्लास्टर गिर रहे हैं और बच्चे टूटे फर्नीचर में बैठकर पर्चे हल कर रहे हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस शासन काल में अत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट विद्यालय को लेकर विशेष जोर दिया गया लेकिन सरकार बदलने के बाद स्कूल पर खास ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्कूलों को फंड ही नहीं मिल रहा है। इनको फीस लेने की भी मनाही है। **खाली कराया गया भवन-** बैकुण्ठपुर जिला मुख्यालय के आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल महलपारा के छत की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। सुरक्षा कारणों से फिलहाल बच्चों को इस भवन में नहीं बैठाया जा रहा है। बरसात के समय यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। भवन की खस्ता हालत के चलते बच्चों की कक्षाएं अन्य सुरक्षित कक्षों या खुले स्थानों पर संचालित की जा रही हैं।

### हादसे से सदमे...

अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर हैं। बच्चों ने सहमते हुए बताया कि डर तो बहुत लगता है लेकिन क्या करें? परिजन भी अपने बच्चों को स्कूल से निकालने का मन बना रहे हैं।

### बाउंड्री वॉल ही...

अभाव है। कांग्रेस सरकार के दौरान राजनांदगांव जिले में 11 आत्मानंद स्कूलों का संचालन शुरू किया गया था। जिसमें दस में अंग्रेजी-हिन्दी व एक स्कूल में हिन्दी माध्यम लागू है।

### अपग्रेडेशन के इंतजार...

दीपकनगर दुर्ग, तितुरडीह दुर्ग, छावनी, उतई,उमरपोटी, चरोदा, जामुल, पाउवारा, सेक्टर 9 हॉस्पिटल सहित अन्य स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शुरूआत में जो रंगरोगन किया गया था आज भी वही है। वॉटर एटीएम कई जगह बंद हो चुके हैं। फर्नीचर टूट-फूट गए हैं। लैब और लाइब्रेरी अपग्रेड नहीं किया जा सका है।

### फहीम समेत छह...

मिलेगी, आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा। अधिकारी ने बताया कि उनकी जांच से पता चला है कि सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो साझा किए जाने के बाद शुरू में गलत सूचना फैलाई गई, जिससे हिंसा और भड़क गई। मतानी ने बताया कि साइबर पुलिस की प्राथमिकी में 'माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी' (एमडीपी) के नेता फहीम खान समेत छह लोगों के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान आयत वाली चादर जलाए जाने की अफवाहों के बीच हिंसक भीड़ ने सोमवार रात को मध्य नागपुर के कई इलाकों में उत्पात मचाया था। इस घटना में पुलिस उपायुक्त रैंक के तीन अधिकारियों समेत 33 पुलिसकर्मी घायल हो गये थे। मतानी ने बताया कि खान ने औरंगजेब की कब्र को हटाये जाने की मांग को लेकर किये गये प्रदर्शन का एक वीडियो संपादित किया और इसे (सोशल मीडिया पर) प्रसारित किया।

### वित्त मंत्री ने कहा...

के गड्ढों को पाटने में हमें गति के इस बजट में 12 हजार करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, आज एक आदिवासी बेटे को राज्य ने मुख्यमंत्री के रूप में पाया है तो पूर्व सीएम भूपेश बघेल को सहन नहीं होता। आजादी के बाद 56 सालों के इतिहास में कांग्रेस ने किसी आदिवासी को देश में सर्वोच्च पद पर नहीं बिठाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मौका मिलता है तो पहले दलित को और बाद में आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाते हैं। इटली की महारानी ने राष्ट्रपति को पुअर लेडी कहकर अपमानित किया है, इससे साफ तौर पर झलकता है कि आदिवासी महिला का अपमान कांग्रेस कैसे करती है। **बेस्ट थ्री परफार्मिंग स्टेट में छत्तीसगढ़ शामिल-** चौधरी ने कहा, नरेंद्र मोदी को जनता ने लगातार 24 सालों तक चुना है। कांग्रेस के ग़रीब विरोधी होने का बड़ा उदाहरण आवास योजना है, जिसे लगातार पांच साल तक सरकार में रहते हुए कांग्रेस ने छीन रखा था। जब हम विपक्ष में थे तब हमने 18 लाख आवास बनाने का संकल्प लिया था। सरकार बनते ही पहली कैबिनेट की बैठक में आवास बनाने का पहला फैसला लिया गया था। उन्होंने कहा, आज भारत के युवाओं की मांग पूरी दुनिया में बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ में युवाओं को बेहतर अवसर मिले, इसके प्रावधान इस बजट में किए गए हैं। हमने गति की अवधारणा पर इस बजट को फोकस किया है. तीव्र आर्थिक विकास होगा, बेहतर गवर्नेंस होगा तो रिवेन्यू अपने आप बढ़ेगा. जीएसटी ग्रोथ की दृष्टि से पूरे देश में बेस्ट थ्री परफार्मिंग स्टेट में छत्तीसगढ़ शामिल है। उन्होंने कहा, सदस्यों की ओर से जो महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं उसे मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे. आगामी अनुपूरक में उसे शामिल करेंगे।

### बीएड वालों को ...

की असलियत से दूर जाकर बात कर रहे थे। जितनी राशि बजट में स्वीकृत की गई है उसे धरातल में आने में कितना वक्त लगेगा. इसका हम अनुमान नहीं लगा पा रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछली सरकार ने 70 हजार करोड़ का ऋण लिया है. जीएसटी की राशि से घटा भी दे तो 43 हजार करोड़ रुपए होता है. इतनी बड़ी राशि ऋण में लेने का क्या हश्र होगा। वित्त मंत्री इसे समझे। उन्होंने कहा, भारतमाला सड़क परियोजना पर मैं आज भी सीबीआई जांच की मांग करता हूं। सरकार को सीबीआई जांच करानी चाहिए। मैं इस विषय पर प्रधानमंत्री को पत्र लिखूंगा। कोर्ट भी जाऊंगा। मुझे सीबीआई पर भरोसा है। आप भी सदन में जांच की घोषणा कर दीजिए।

### छत्तीसगढ़ को ...

प्रेसिडेंट हुआ, जिसने विजन के साथ काम किया। 1945 के बाद से अब तक साउथ कोरिया की अर्थव्यवस्था एक लाख गुना बढ़ गई है। देश और दुनिया में साउथ कोरिया जैसे उदाहरण हैं. आज से 20-30 साल बाद जब भारत के विकसित राष्ट्र का ऐलान किया जाएगा तब कोरोना काल में नरेंद्र मोदी की उठाए गए कदम को याद किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में...

न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत, न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल एवं न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल को और एक वर्ष के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया जाए। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किये गये एक बयान में कहा गया है, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने गुजरात हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में जिन न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दी है, उनमें लियाकाथुसैन शम्सुद्दीन पीरजादा, रामचन्द्र ठाकुरदास वच्छानी, जयेश लखंशीभाई ओडेद्रा, प्रणव महेशभाई रावल, मूल चंद त्यागी, दीपक मनसुखलाल व्यास, उत्कर्ष ठाकोरभाई देसाई और रोहनकुमार कुन्दनलाल शामिल हैं।

### 188 जजों का...

रायपुर को कोंडागांव जिले का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। राजनांदगांव की फैमिली कोर्ट की जज विनीता वार्नर को सूरजपुर का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। गिरिजा देवी दुर्ग से मुंगेली- दुर्ग के फैमिली कोर्ट की प्रधान न्यायाधीश गिरिजा देवी मरावी को मुंगेली का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। जगदलपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर को छग हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार विजिलेंस बनाया गया है।

### मस्क की ...

रूप से उसके द्वारा धारा 79(3)(बी) के उपयोग पर चिंता जतायी, जिसके बारे में 'एक्स' ने दलील दी है कि यह सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन है और डिजिटल मंच पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमतर करता है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साँई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

HMS शिव साइटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुंहमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभग्न, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

सीला मलहम
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छित्तरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** स्पोर्ट्स शोरूम में काम करने के लिए अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री लक्ष्मी स्पोर्ट्स गोड़पारा बिलासपुर (37158)

**आवश्यकता है-** साड़ी शोरूम में कार्य हेतु लड़के चाहिए सेल्समेन वेतन 14000+ 1%, हेल्पर वेतन 8000 नोट- रिटेल साड़ी शोरूम में सीखे हुए 18 से 30वर्ष के लड़के ही सम्पर्क करें- 9691342085 (37151)

**आवश्यकता है-** आफिस में स्टाक लिखने, निकालने हेतु लड़कियां-2, सेल्स हेतु लड़के-2, वैन में डिलीवरी हेतु लड़के-2 की। वेतन योग्यतानुसार पता- NT& Sons दीनदयाल गार्डन के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 07752411422, 930124222 (37152)

**आवश्यकता है-** ट्रेक्टर ट्राली, वाटर टेंकर एवं अन्य कृषि उपकरण बनाने के लिए अनुभवी मिस्त्री या ठेकेदार की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9827683510, 9827892413 (37155)

**आवश्यकता है-** (1) कार ड्राइवर (2) अकाउंटेंट/ ऑफिस गर्ल (अनुभवी) की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीबालाजी कंस्ट्रक्शन्स बिलासपुर 7974086925, 9907925045 (37156)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य के लिये जानकार कम्प्यूटर आपरेटर व फोटोकापी हेतु लड़के की आवश्यकता है संपर्क करें गगन फ्लैक्स 27 खोली चौक बिलासपुर 9039968650, 9425535104 (37148)

**आवश्यकता है-** रेल्वे कोचिंग डिपो में ट्रेनों की साफ सफाई हेतु हाउस कीपिंग (सिर्फ पुरुष) स्टाफ चाहिए सम्पर्क करें- कोचिंग डिपो, रेलवे माल गोदाम के पास, बिलासपुर 9644430392, 8319023970, 9993378899 (37146)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोविन्द इलेक्ट्रॉनिक, गेट नम्बर 1, बुधवारी बाजार बिलासपुर 882709000 (37137)

**आवश्यकता है-** थोक/ चिल्हर शोरूम में काम करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- भारत बैग हाउस मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर (37136)

**आवश्यकता है-** थोक कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़के, लड़कियों एवं कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- साजनदास एंड संस, भाजपा कार्यालय के पास करबला रोड बिलासपुर 7987404961 (37135)

**आवश्यकता है-** सीए ऑफिस में कार्य करने हेतु लड़के की आवश्यकता है योग्यता स्नातक पता- अतुल सोनी चार्टर्ड अकाउंटेंट, दुआ टेन्ट हाउस के बगल में, श्री साईं सदन करबला रोड बिलासपुर 9425219796 (37143)

**आवश्यकता है-** UTN शॉप में मार्केटिंग हेतु सेल्स एक्जीक्यूटिव 5, लीडर- 5 ट्रेनर- 7 लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पता- शॉप नम्बर FS16, प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 7999594790 (37122)

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग में फोर व्हीलर छोटा हाथी चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए वेतन योग्यता अनुसार। आधार कार्ड लाइसेंस सहित सम्पर्क करें- अरोरा बेकरी, बृहस्पति बाजार के पास, बिलासपुर 9827164721 (37133)

**आवश्यकता है-** अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल मेन्स एण्ड वुमैन वियर हेतु- 4, हेल्पर- 4, फोल्डर- 2, अटेंडर- 1 चाहिए सम्पर्क करें- शैल वस्त्रालय, मेन रोड सत्यम चौक के पास, मसानगंज बिलासपुर 9238107105, 9238107108 (37144)

**आवश्यकता है-** शारदा किराया भंडार एवं टेन्ट हाउस में काम करने हेतु लड़कों एवं अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- करबला रोड बिलासपुर 9827878311 7987062385 (37154)

**आवश्यकता है-** एकाउंटेंट कम टैली ऑपरेटर (फीमेल) ऑफिस ब्वाय 3 पद, सामान पैकेजिंग, लोडिंग अनलोडिंग ऑटो चालक एवं सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है वेतन- 9000 से 12000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 9575488884 (37142)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपड़े शोरुम मेन्स वियर, लाचा हाउस, साड़ी शोरूम में अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, झाड़ू पोंछा, माल मिलाने के लिए स्टाफ चाहिए सम्पर्क करें- कृष्णा प्रीमियम करबला रोड बिलासपुर 7566285241 (37116)

**आवश्यकता है-** मोबाइल दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 (37114)

**आवश्यकता है-** चकरभाठा स्थित आर्टिफिशियल ज्वैलरी शोरूम में काम करने हेतु सेल्सगर्ल की आवश्यकता है समय सुबह 10 से रात 9 बजे तक वेतन 5500 केवल चकरभाठा निवासी ही सम्पर्क करें- 9770507206 (37124)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड सलवार सूट, साड़ी शोरुम में अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, फोल्डर, कम्प्यूटर आपरेटर (बिजी साफ्टवेयर) चाहिए। वेतन 5000 से 20000 सम्पर्क करें- प्रकाश डिजाइनर स्टूडियो, श्रीराम मार्केट, बिलासपुर 7869448240 , 8319134866 (37115)

**आवश्यकता है-** जोत इंजीनियरिंग में कार्य करने हेतु कुशल, टर्नर, वेल्डर एवं हेल्पर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग सिरगिट्टी बिलासपुर 7828070065 (37129)

**आवश्यकता है-** स्टेशनरी शॉप में कार्य करने हेतु पार्ट टाइम और फुल टाइम लड़के/ लड़की की आवश्यकता है। अनुभवी सम्पर्क करे- भाटिया इंटरप्राइजेज, पंप के बाजू में, नेहरू चौक पेट्रोल बिलासपुर 7587259295 (37121)

**आवश्यकता है-** सूर्या बार में काम करने के कैप्टन और वेटर की आवश्यकता है अनुभव वाले सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9755001888 (37113)

**आवश्यकता है-** सीए आफिस में काम करने हेतु चपरासी (प्यून) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शाम 4 से 8बजे तक पलाश पमनानी एंड एसोसिएट्स सिन्ध ऑटो स्टोर्स के पास गांधी चौक बिलासपुर (37097)

**आवश्यकता है-** बकुल अगरबत्ती में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है कृपया सम्पर्क करें- बकुल अगरबत्ती मेन रोड दयालबंद बिलासपुर 8649999999 (37118)

**आवश्यकता है-** पेमेंट रिकवरी फील्ड वर्क, कम्प्यूटर ऑपरेटर बिजी सॉफ्टवेयर, GST एकाउन्टेंट कोटेशन के अनुभवी लड़के/ लड़की, रिकवरी पेमेंट वसूली हेतु लड़के की। सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू गोड़पारा, बिलासपुर 9669211111, 9827175811 (37092)

**आवश्यकता है-** सैमसंग सर्विस स्टेशन में एक रिसेप्शनिस्ट, मोबाइल रिपेयरिंग,मोबाइल एसेसीरिज एवं साफ सफाई के लिये युवक, युवती चाहिये। आर्कषक वेतन सम्पर्क करें- गुप्ता मोबाइल मेन रोड जूना बिलासपुर 8602390000 (37120)

**आवश्यकता है-** OMI कम्पनी में लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28 वर्ष, आय 8500 से 18000+ रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड बिलासपुर 8818877406, 9644433021 (37103)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड शोरूम में 3वर्ष के पुराने अनुभवी पुरुष सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन 10000 से शुरू सम्पर्क करें- नेशनल होजियरी NX सदर बाजार बिलासपुर (37139)

**आवश्यकता है-** चिकन दुकान में काम करने के लिए दो लड़के की आवश्यकता है शुरुआत में वेतन 8000 महीना सम्पर्क करें- डी.के. चिकन सेन्टर भरनी (बस स्टैण्ड) बिलासपुर 7974516697, 9752765384 (37094)

**आवश्यकता है-** बाइक ऑटो पार्ट्स दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियां तथा सुपरवाइजर कार्य हेतु लड़के एवं घरेलू कार्य हेतु बाई चाहिए। नोट- खाना बनाना आना चाहिए। सम्पर्क करें- 7869523344, 7301717175 (37117)

**आवश्यकता है-** ऑटोमोटिव बैटरी व टायर सेल्स हेतु मार्केटिंग/ सेल्समेन, ड्राइवर, बैटरी टेक्निशियन आवश्यकता है, वेतन-योग्यतानुसार 7000-18000+ इन्सेंटिव, संपर्क करें- सिंघानिया इंटरप्राइजेस श्रीराम टॉवर के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7049016518, 7974811410 (3368)

**आवश्यकता है-** ब्रांडेड स्टोर में काम करने हेतु मैनेजर (वेतन 15000 से 20000) एवं सेल्समैन (वेतन 10000 से 15000) योग्यता ग्रेजुएट, एमबीए और अनुभवी, सम्पर्क करें- ब्रांड बास्केट लिंक रोड बिलासपुर 8982278005 (37110)

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, लेडीगार्ड, मार्केटिंग अधिकारी योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर गार्ड ऊंचाई 5'7" वेतन 12000 से 15000 सम्पर्क-Alert SGS Private Limited, 434, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर 7746000016, 8720005500 (3160)

**आवश्यकता है-** लेडीज ब्यूटी पार्लर में कार्य करने हेतु अनुभवी ब्यूटीशियन की आवश्यकता है। शीघ्र सम्पर्क करें- वीनस ब्यूटी सैलून वेयर हाउस रोड, बिलासपुर 9425228537 (37112)

**आवश्यकता है-** ड्राईवरों की आवश्यकता है- ट्रक 14 चक्का लिलेन्ड लाईन में चलाने के लिए ड्राईवर चाहिए संपर्क करें- 9109191899, 9425213622 (7060)

**आवश्यकता है-** मैट्रिमोनी में टेली कॉलिंग हेतु महिलाओं व युवतियों की आवश्यकता है स8962460067 (3376)

**आवश्यकता है-** सीए आफिस में कार्य हेतु चपरासी की आवश्यकता है (सुबह 9 से रात 9बजे) योग्यता 10वीं, वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- स्वदेशी प्लाजा के बगल लिंक रोड, बिलासपुर 8109695516, 7440969033, 07752403233 (37098)

**आवश्यकता है-** सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ब्लॉक में एक एक सर्वेयर सेल्स आफिसर की आवश्यकता है इंकम प्रतिमाह 21000 समस्त भत्तों सहित सम्पर्क R.K. सेल्स रायपुर एण्ड बिलासपुर 8109100493 (37111)

**आवश्यकता है-** लेडिज रेडीमेड शोरूम मे बिलिंग कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। कार्य समय सुबह 11 से रात 9 बजे तक अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- सदर बाजार बिलासपुर 9993237937 (37105)

**आवश्यकता है-** रियल एस्टेट कंपनी में फिमेल रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है, योग्यता- स्नातक+ कंप्यूटर ज्ञान, (वेतन- योग्यतानुसार) कार्य इंटरव्यू समय- 12PM- 6PM संपर्कः- उन्नति ग्रुप ऑफ इंफ्राबिल्ड नेहरू चौक बिलासपुर- 9111489995, 8839911180 (3367)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 30 वर्ष तक सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस संपर्क करे- 1. रिंग रोड नियर न्यू बस स्टैंड, मासूम चिल्ड्रन हॉस्पिटल के पास अम्बिकापुर, 2. श्रीराम केयर हॉस्पिटल के पास बिलासपुर 7024600659 (3369)

**आवश्यकता है-** तत्काल भर्ती सुरक्षा गार्ड- 50 सुपरवाइजर- 5 चाहिए 10वी पास हाईट 5'- 7 " र य ग ढ़ , ख र सी या , बिलासपुर के लिए आवास फ्री वेतन 9000 से 15000 (PF, ESIC सुविधा) सम्पर्क करें- 8461881111, 91254 14662 (37100)

**आवश्यकता है-** बम्पर भर्ती OMMI मल्टीनेशनल कम्पनी को 140 से अधिक लड़के, लड़कियां की आवश्यकता है आय 10500 से 18500 प्रतिमाह आवास, खाना फ्री परमानेन्ट जॉब पता-दीपसागर कालोनी बिलासपुर 8003402269, 9519393913 (37126)

**आवश्यकता है-** बच्चा संभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की) चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। स्थान तेलीबांधा रायपुर सम्पर्क करेः- 9575042814 (3378)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 25 जो बाहर रहकर कार्य करे सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस संपर्क करे- मंगला चौक बिलासपुर 7024334511 (3366)

**आवश्यकता है-** सीमेंट मार्केटिंग एवं बिजनेस बढ़ाने हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है न्यूनतम अनुभव 3वर्ष, आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। शीघ्र सम्पर्क करें- मीनाक्षी सेल्स, पुराना हाईकोर्ट के सामने, बिलासपुर 9754002100 (36865)

**आवश्यकता है-** कंस्ट्रक्शन कम्पनी में मैनेजर- 3 (सिविल कार्य अनुभवी) एवं एक एकाउंटेंट (कम्प्यूटर संबंधी जानकारी) ड्राइवर- 1, प्यून- 1 बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- 12 से 5बजे अनुमेष कंस्ट्रक्शन तोरवा बिलासपुर 9993495123 (37102)

**आवश्यकता है-** नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309 (733)

**आवश्यकता है-** श्याम इंटरप्राइजेज में ऑनलाइन ईकॉमर्स कम्प्यूटर वर्क हेतु 20 से 25वर्ष के लड़के/ लड़कियां चाहिए। सम्पर्क करें- 10 से 7बजे तक साइंस कॉलेज के पास सीपत रोड, सरकंडा बिलासपुर 7587203133 (3373)

**आवश्यकता है-** राघव एडवटाईजिंग में वेल्डर और ड्राइवर की आवश्यकता है। (वेतन योग्यतानुसार) संपर्क करें राघव हाउस 08 प्रियदर्शनी कॉलोनी मातृ- पितृ छाया आपर्टमेंट रायपुर 9993655555, 7898980581 (3823)

**आवश्यकता है-** कालका रिपेयर कंप्यूटर सर्विसेज मे 1 फीमेल रिसेप्शनिस्ट, 1 फीमेल अकाउंटेंट की, योग्यता B.Com ग्रेजुएट, 1 कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर, संपर्कः- कालका रिपेयर, शॉप No-07, सेकंड फ्लोर, बजरंग कॉम्प्लेक्स पुराना बसस्टैंड बिलासपुर 07752-434025 (3377)

**आवश्यकता है-** अनुभवी नर्सिंग प्रोफेसर/ ट्यूटर- M.Sc (N), B.Sc (N)- 2, लाइब्रेरियन- B.Lib/ M.Lib-1, रिसेप्शनिस्ट -1 (ग्रेजुएट, F), मार्केटिंग/ PRO- 1 (M), हास्टल वार्डन- 1 (12वीं, F) बायोडाटा भेजे- 8349446691, 9993582707 (37130)

**आवश्यकता है-** स्पा एण्ड सेलून में काम करने के लिए तोरवा एवं व्यापार विहार में महिला टेलीकॉलर, महिला थैरेपिस्ट एवं महिला हाउस कीपिंग की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क 6399166000 (37145)

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490 (7062)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर के रियल एस्टेट कंपनी में जरूरत है रिसेप्शनिस्ट (female), सेल्स मैनेजर -4 पोस्ट, लग्जरी ऑफिस, बेस्ट सपोर्ट सिस्टम। संपर्क करें मो. 9302652734, 7987374690 (3371)

**आवश्यकता है-** इंदौर मध्यप्रदेश मे रहकर ऑफिस कार्य करने हेतु अविवाहित लड़को की आवश्यकता है सैलेरी 10000 रहना खाना ट्रैवलिंग फ्री नियुक्ति फ्री सम्पर्क करे- 9575712101, 7389318055 (305)

## बेचना है

**बेचना है-** वार्ड नं.-16 कुदुदण्ड पानी टंकी के सामने गली में 1डिसमिल जमीन में बना 2मंजिला मकान नीचे 1कमरा, किचन अटेच लेटबाथ, ऊपर 1 हाल लेटबाथ 24घंटे पानी सर्वसुविधायुक्त। सम्पर्क करें- 9753505350, 9522248786 (37159)

**बेचना है-** अज्ञेय नगर 30×50 पटवारी प्रशिक्षण कार्यालय 105×166 तालापारा मरीमाई मेन रोड 132×82, अल्का एवेन्यू 45×85, शान्ती नगर डबल स्टोरी मकान, सत्यम चौक मगरपारा मेन रोड 12×50, 18×50 36×50 सम्पर्क- 9425540759 (37119)

**बेचना है-** उस्लापुर साई नगर में 7500 वर्गफीट प्लाट व अल्का रेवेन्यु के बाजू में 6000 वर्गफीट प्लाट मौसाजी व्हाईट हाउस के पीछे 1500 वर्गफीट का मकान बेचना है संपर्क करें 9425535104 (37149)

**बेचना है-** बिलासपुर की सबसे बड़ी आवासीय कॉलोनी यदुनन्दन नगर तिफरा में 3BHK मकान बेचना है लाल ईट, सागौन दरवाजा, फाल सीलिंग सहित कीमत 35लाख 3 माह में पजेशन सम्पर्क करें- 9826314444 (37153)

**बेचना है-** कैरीअर- मीडिया 2019 model 2 tonne / 4 tonne Cassette AC एवं लकड़ी के हैंगर, ब्लैक मैनेक्विन संपर्क करेः- 9584199929 (3375)

Medicare Specialists
चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाये।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

**बेचना है-** 3BHK नया फ्लैट सभी शासकीय अनुमति प्राप्त सर्वसुविधायुक्त परिसर में चकरभाठा मार्केट से लगा, हाईकोर्ट से वाकिंग डिस्टेंस, एयरपोर्ट से नजदीक बहुत वाजिब कीमत में बेचना है सम्पर्क- 9826130163 8770523386 (37150)

**बेचना है-** रायपुर रोड, हाईकोर्ट के सामने, मेन रोड से 50 मीटर अन्दर न्यू एयरपोर्ट रोड, बोदरी में 50×200= 10000 वर्गफीट व्यावसायिक डायवर्सन, बाउन्ड्रीवाल सहित प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें- 9300310774 (37093)

**बेचना है-** सस्ते में हॉस्टल हेतु प्लाट बेचना है। एजुकेशन हब कोनी बिलासपुर में 100 फिट फ्रंट 13080 वर्गफिट डबल रोड, एवं अटल यूनिवर्सिटी से 500 मीटर की दूरी पेंड्रीडीह नेशनल हाईवे रोड ऊपर 75 फिट फ्रंट के साथ 13080 वर्गफिट का कमर्शियल प्लाट तत्काल बेचना है मार्च रजिस्ट्री में शुल्क फ्री. मो. 9406441535 (3372)

## किराया

**किराया-** मंगला चौक में सागर गोल्डन स्क्वेयर काम्प्लेक्स में प्रथम तल पर 12×17 की दो दुकानें किराए से देना है सम्पर्क करें- 9300625174, 9827168452 (37132)

**किराया-** VR Plaza Link Road में First Floor में 250 वर्गफुट शानदार आफिस किराये से देना है सम्पर्क करें- 7412933333 (36987)

## किराया

## कमर्शियल

**किराया-** VIP रोड में ड्रीम सिटी के अंदर, राजवाड़ा के पास, डबल स्टोरी फर्निश्ड मकान 5000 वर्गफीट में निर्मित, 4 बेड रूम 3 हॉल, किचन, 3 वॉशरूम गार्डन के साथ ऑफिस/ रेस्ट हाउस/ फैमिली हेतु किराए से देना है सम्पर्क करें- 8120593540 (4912)


## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें


- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586



# मैं बुढ़ापा नहीं जीना चाहता...', एक साल बाद इकोनॉमिक्स नोबेल विजेता की मौत पर सनसनीखेज खुलासा

**न्यूयार्क।** इजराइली-अमेरिकी मनोवैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता डैनियल काह्नमैन की मौत को एक साल हो गया है, लेकिन अब उनकी मौत पर जो खुलासा हुआ है, उससे पूरी दुनिया में बहस छिड़ गई है। 2024 में 90 साल की उम्र में डैनियल काह्नमैन की मौत हुई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, डैनियल काह्नमैन ने स्विटज़रलैंड में अपनी मौत किसी की सहायता के जरिए चुना। एक ऐसा निर्णय जिसे उन्होंने निजी रखा, केवल करीबी परिवार और दोस्तों के साथ साझा किया। इस खुलासे के बाद पूरी दुनिया हैरान है। इस रिपोर्ट को लिखा है जेसन ज़्वेग ने जिसका शीर्षक उन्होंने दिया 'निर्णयों पर दुनिया के अग्रणी विचारक द्वारा अंतिम निर्णय।'



### खुद की ली डैनियल काह्नमैन ने जान?

रिपोर्ट में जेसन लिखते हैं 'मुझे लगता है कि डैनी, अंतिम दिनों में कमजोर हो गए थे, वह इससे बचना चाहते थे और अपनी शर्तों पर आगे का जीवन देख रहे थे। अपनी मृत्यु को वह खुद अपनाना चाहते थे। कथित तौर पर काह्नमैन ने स्विटजरलैंड की यात्रा करने से पहले 26 मार्च, 2024 को अपने परिवार को एक विदाई ईमेल भेजा था। इस रिपोर्ट के बाद डैनियल के कुछ प्रियजनों ने उनके निर्णय को स्वीकार कर लिया, अन्य अभी भी इससे जूझ रहे हैं। जिससे पूरी दुनिया हैरान भी है, कोई इतना महान आदमी, अपनी मौत को इस तरह से अंजाम देगा।

### दुनिया में क्यों हो रही बहस?

काह्नमैन का पूरा कॅरियर इस बात पर केंद्रित था कि इंसान कैसे सोचता है और फैसले लेता है। उनकी मौत पर आई प्रतिक्रिया दिखाती है कि यह मुद्दा अब और बड़ा हो सकता है। उनकी सोच ने यह सवाल फिर खड़ा किया है कि क्या समाज को मृत्यु के फैसले पर व्यक्ति की स्वतंत्रता को स्वीकार करना चाहिए? इस बहस का कोई आसान जवाब नहीं है।

### कैसे हुई उनकी मौत?

90 वर्षीय काह्नमैन की मौत के बारे में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं थी। लेकिन, 14 मार्च 2025 को छपे एक लेख में उनके करीबी दोस्त जेसन ज़्विग ने खुलासा किया कि उन्होंने स्विट्जरलैंड में सहायता प्राप्त आत्महत्या के जरिए अपने जीवन का अंत किया।जिसके बाद से ही पूरी दुनिया में इस बात की खूब चर्चा हो रही है।

### एक खुशहाल व्यक्ति के रूप में मरूंगा

अंतिम ईमेल में काह्नमैन ने लिखा 'जब से मैं किशोर था, तब से मेरा मानना है कि जीवन के अंतिम वर्षों के दुख और अपमान अनावश्यक हैं, और मैं उस विश्वास पर काम कर रहा हूं। मैं अभी भी सक्रिय हूं, जीवन में कई चीजों का आनंद ले रहा हूं। (दैनिक समाचारों को छोड़कर) और एक खुशहाल व्यक्ति के रूप में मरूंगा। लेकिन, मेरी किडनी अपने अंतिम चरण में है, मानसिक चूक लगातार हो रही है। अब मैं नब्बे साल का हो गया हूं, अब जाने का समय आ गया है'।

### कौन थे डैनियल काह्नमैन?

डैनियल काह्नमैन का जन्म 1934 में इजराइल में हुआ था, लेकिन उन्होंने अपना शुरुआती जीवन फ्रांस में बिताया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उनका परिवार नाजी शासन से छिपा रहा और बाद में वे इजराइल लौटे और हिब्रू विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान की पढ़ाई की। आगे की पढ़ाई के लिए वे अमेरिका गए और कई बड़े विश्वविद्यालयों में पढ़ाया, जिनमें प्रिंसटन और हार्वर्ड शामिल हैं। उन्हें 2002 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला था। उनका शोध यह समझने पर आधारित था कि इंसान निर्णय लेते समय तर्क के बजाय भावनाओं और पूर्वाग्रहों से प्रभावित होते हैं। उनकी प्रसिद्ध किताब 'थिंकिंग, फास्ट एंड स्लो' (2011) भी इसी पर आधारित है।

## रोचक खबरें



### चीन की इस दादी ने इंटरनेट पर मचाया तूफान, उम्र जानकर चकराया लोगों का माथा

**बीजिंग।** बच्चे को दूध पिलाती चीनी महिला की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि महिला बच्चे की दादी है। जाहिर है, आप कहेंगे कि इसमें क्या खास है। दरअसल, एक बच्चे की दादी होने के बावजूद महिला की छरहरी काया और उसकी गजब की खूबसूरती देखकर नेटिजन्स का सिर चकराया हुआ है। यकीन मानिए, जब आप इस महिला की असल उम्र जानेंगे तो आप भी भौचक्के रह जाएंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह महिला चीन के अनहुई प्रांत के सूजौ की रहने वाली है। चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महिला का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें महिला बोतल से एक बच्चे को दूध पिलाते हुए नजर आ रही है, जबकि बच्चे की मां पास में ही बिस्तर पर लेटी हुई थी. एक महीने का यह बच्चा महिला का पहला पोता है। यह जानकर हैरानी होगी कि यह महिला महज 39 वर्ष में ही दादी बन गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वीडियो रिकॉर्ड करने वाली एक अन्य महिला जो कि उसकी रिश्तेदार है, उसे वायरल क्लिप में यह कहते हुए सुना जा सकता है कि देखिए ये कितनी जवान दादी है। इनका जन्म 1985 में हुआ है।

### 'खत्म हुई टेंशन, अब सिर्फ मिलेगी पेंशन', 21 में ज्वाइन की नौकरी, 23 में लड़के ने ले ली रिटायरमेंट!

**मास्को।** दुनिया में एक से बढ़कर एक लोग आपको मिल जाएंगे। किसी के बारे में आप जानते होंगे, तो कुछ ऐसे भी होंगे, जिनके बारे में आपको कुछ खास पता नहीं होगा. ऐसा नहीं है कि उनकी ज़िंदगी दिलचस्प नहीं है, बस आप इन्हें जान नहीं पाए। आज एक ऐसे ही लड़के की कहानी हम आपको बताएंगे, जो न सिर्फ दिलचस्प है, बल्कि हैरान करने वाली भी है।



आमतौर पर जिस उम्र में लोग नौकरी ज्वाइन करते हैं, लड़का उस उम्र में रिटायरमेंट ले रहा है। मज़े की बात ये है कि उसे सेवानिवृत्ति मिल भी रही है, वो भी ज़िंदगीभर की पेंशन के साथ। उसका नाम रूस की नेशनल रिकॉर्ड बुक में दर्ज किया गया है, क्योंकि इससे पहले कभी किसी ने इस उम्र में रिटायरमेंट नहीं ली थी। ये कहानी है पावेल स्टेपशेंको नाम के लड़के की। ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के मुताबिक इस लड़के ने 23 साल की उम्र में रूस के विदेश मंत्रालय से सेवानिवृत्ति ले ली है। आमतौर पर रिटायरमेंट को बुढ़ापे से जोड़कर देखा जाता है। आजकल लोग जल्दी रिटायर होना चाहते हैं, लेकिन 40 साल से पहले नहीं। वहीं, पावेल ने 23 साल में ही रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। उसने 16 साल की उम्र में रशियन मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स के शैक्षणिक संस्थान में दाखिला लिया था।

### उड़ गए बाल, तो गंजे सिर से कमाने लगा पैसे छपवा लिया कुछ ऐसा, बैठे-बैठे बरसते हैं नोट!

**मुंबई।** हमारे समाज में इंसान को सबसे पहले उसके लुक्स से जज किया जाता है। कोई मोटा है, पतला है, छोटा है लंबा है या फिर किसी के सिर पर बाल हैं या नहीं हैं, ये भी देखा जाता है। इसके बाद ही लोग अपनी राय उसके बारे में बनाते हैं। यही वजह है कि लोग अपने लुक्स पर न सिर्फ पैसा खर्च करते हैं, बल्कि जल्दी ही हीनभावना का शिकार भी हो जाते हैं। कम उम्र में ही जब किसी के सिर से बाल झड़ने लगते हैं, तो इंसान चिंता में आ जाता है। हालांकि, केरल के अलापुझा के रहने वाले एक शख्स ने अपने गंजे सिर से नोट छापने का बिजनेस कर लिया। अब उसकी ज़िंदगी मस्त कट रही है। चलिए बताते हैं कि आखिर ये आइडिया उसे आया कैसे? 36 साल के शफीक हाशिम एक ट्रैवल व्लॉगर हैं और अलापुझा के करूर के रहने वाले हैं। उनके बाल छोटी उम्र में ही झड़ने लगे थे। कॉलेज में लोग मज़ाक उड़ाते थे, जिसकी वजह से शफीक ने हेयर ट्रांसप्लांट के बारे में काफी सोचा।

## एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष से लौटकर कितने दिनों बाद खा सकते हैं नॉन वेज, शराब कब तक नहीं पी सकते

**वॉशिंगटन।** एस्ट्रोनॉट्स का खानपान बाकी लोगों से काफी अलग होता है। उनकी हेल्थ की मौजूदा स्थिति को देखते हुए उनके लिए मेन्यू तैयार किए जाते हैं। खासतौर इस दौरान ये ध्यान दिया जाता है कि अंतरिक्ष से लौटने के बाद उनका एनर्जी लेवल क्या है? ऐसे में, चलिए जानते हैं उन्हें खानपान में किया दिया जाता है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरिक्ष में 9 महीने बिताने के बाद धरती पर लौट आए हैं। अंतरिक्ष से लौटने के बाद दोनों का खास ख्याल रखा गया है, क्योंकि स्पेस में लंबे वक्त तक रहने की वजह से एस्ट्रोनॉट्स को धरती पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए, उनके खानपान को लेकर काफी सावधानियां बरती जाती है। उन्हें कुछ दिनों तक ऐसा खाना -पीना दिया जाता है, जो धीरे धूरे उन्हें शारीरिक तौर यहां की स्थितियों के अनुकूल बनाता है। ऐसा पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के दोबारा री-एडजस्टमेंट करने के लिए किया जाता है। इतना ही नहीं, उन्हें दो हफ्ते तक शराब छूने पर भी पाबंदी रहती है।

### न्यूट्रिशनिस्ट

जहां संतुलित आहार के लिए विशेष स्पेस सेंटर में पोषण न्यूट्रिशनिस्ट उनकी डाइट को सामान्य करते हैं, जिसमें प्रोटीन (चिकन, मछली), कार्बोहाइड्रेट (पास्ता, ब्रेड), और विटामिन से भरपूर सब्जियां शामिल होती हैं। साथ ही, हड्डियों को मजबूत करने के लिए कैल्शियम और विटामिन डी को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट्स भी दिए जा सकते हैं।

### कब से खा सकते है चिकन-मटन

अंतरिक्ष से लौटने के बाद एस्ट्रोनॉट्स को अपनी पसंद का खाना खासतौर पर चिकन, मटन, या अल्कोहल शुरू करने के लिए कई बातों पर ध्यान देना पड़ता है, जिसमें शारीरिक स्थिति, पाचन तंत्र का कंडीशन और नासा के डॉक्टरों की सलाह पर भी निर्भर रहना पड़ता है।



### पहले दिन का खानपान

इसके बाद अगर उनकी हालत स्थिर होती है उन्हें पहले दिन हल्का ठोस भोजन भी दिया जाता है। लेकिन, वो आसानी से पचने वाला भोजन हो, जिसमें उबले चावल, मैश्ड आलू, उबली सब्जियां या टोस्ट शामिल है। वहीं, मांसपेशियों के नुकसान को बेहतर करने के लिए हल्का प्रोटीन के लिए उबले अंडे या चिकन ब्रोथ दिए जा सकते हैं। हालांकिस, इसके बाद उन्हें न्यूट्रिशनिस्ट की देखरेख में भोजन दिया जाता है।

### धरती पर उतरने के तुरंत बाद (स्प्लैशडाउन के पहले कुछ घंटे)

जब अंतरिक्ष यान धरती पर उतरता है। तब एस्ट्रोनॉट्स को शुरुआत में हल्के और पेय पदार्थ दी जाती है। हाइड्रेशन और ऊर्जा का स्तर बनाने के लिए उन्हें तरल आहार दिया जाता है। मसलन उन्हें पानी, इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स या ग्लूकोज पीने के लिए दिए जाते हैं। साथ ही, नमक और चीनी का घोल, फल का जूस, या हल्का सूप भी देते हैं।



### एस्ट्रोनॉट्स को खानपान में क्या दिया जाता है?

एस्ट्रोनॉट्स का खानपान बाकी लोगों से काफी अलग होता है। उनकी हेल्थ की मौजूदा स्थिति को देखते हुए उनके लिए मेन्यू तैयार किए जाते हैं। खासतौर इस दौरान ये ध्यान दिया जाता है कि अंतरिक्ष से लौटने के बाद उनका एनर्जी लेवल क्या है? पाचन तंत्र किस तरह से काम कर कर रहा है, क्योंकि अंतरिक्ष में शून्य गुरुत्वाकर्षण के कारण पाचन तंत्र पर बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ता है। लिहाजा, इन सब को देखते हुए उन्हें खान-पान दिया जाता है। हालांकि, स्थिति को देखते हुए खान-पान में बदलाव भी किया जाता है।

## 43 हजार रुपए में बिका अंडा, आखिर ऐसी क्या है खासियत, जो इतना महंगा लगा दाम?

**लंदन।** बाजार में आपको मुर्गी या बत्तख के अंडे बड़ी आसानी से मिल जाएंगे। दोनों के रेट अलग-अलग होते हैं। पर जितने भी हों, आपको ये अंडे 7 रुपए से लेकर 15 रुपये तक में मिल जाएंगे। शहरों और गांवों के दामों में फर्क पड़ सकता है। पर क्या आपने कभी सुना है कि कोई अंडा 43 हजार रुपए में बिका हो? हाल ही में ब्रिटेन में एक अंडा नीलाम हुआ है, जिसकी कीमत 43 हजार रुपए लगाई गई है। ये अंडा 500 डॉलर में नीलाम हुआ। तो सवाल वही उठता है कि इसमें ऐसी क्या खासियत थी जो इसका दाम इतना ज्यादा लगाया गया? एक रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन के फेंटॉन फार्म में काम करने वाले लोग तब चौंक गए जब उन्हें एक ऐसा अंडा मिला, जो पूरी तरह गोल था। आपने अंडाकार आकार के बारे में सुना होगा। दरअसल, अंडा पूरी तरह गोल नहीं होता, बल्कि ऊपर-नीचे से ज्यादा उभरा रहता है और बीच से पतला रहता है। मगर, जिस अंडे की हम बात कर रहे हैं, वो पूरी तरह गोल है। इस वजह से अंडे को लाखों में एक माना जा रहा है। जब इसकी नीलामी हुई तो ये 43 हजार रुपए से ज्यादा दाम में बिका।



### गरीब बुढ़िया की मौत के बाद पढ़ी गई वसीयत, गांववाले हुए दंग, ये कैसे हो गया?

**लंदन।** कहा जाता है कि किसी को भी देखकर उसकी हस्ती की थाह नहीं लगाई जा सकती है। हम किसी शख्स के बारे में उतना ही जानते हैं, जितना दो-चार मुलाकातों में उसे समझ पाते हैं। इसके अलावा वो कैसा है और उसके पास क्या है, इस बात की खबर हमें नहीं होती है। ऐसे में जब कुछ ऐसा हो जाए, जो हमने बिल्कुल न सोचा हो, तो चौंकना लाज़मी है। जिस आदमी के पास संपत्ति ज्यादा होती है, वो अपनी वसीयत अक्सर पहले ही बना लेते हैं और इसे उनकी मौत के बाद ही खोलकर पढ़ा जाता है।

**कार्यालय, नगर पंचायत पामगढ़, जिला - जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**E-Mail ID -cmopamgarh@gmail.com**

क्रमांक/98/स्था./न.पं./2024-25 पामगढ़, दिनांक 20/03/2025

**मैनुअल निविदा आमंत्रण संशोधन सूचना**

एतद् द्वारा नगर पंचायत पामगढ़ के द्वारा जारी निविदा सूचना क्रमांक 68/स्था./न.प./2024-25, पामगढ़, दिनांक 19/03/2025 में निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने, निविदा प्रपत्र प्रदाय एवं निविदा दर प्रस्तुत करने कि तिथि में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।
1. निविदा प्रपत्र की मांग हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 01/04/2025 को कार्यालयीन समय तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने का दिनांक- 02/04/2025 को कार्यालयीन समय तक
3. निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 09/04/2025 को समय दोपहर 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की अंतिम तिथि- 09/04/2025 को शाम 4.00 बजे से

| क्र. | विवरण | श्रमिकों की संख्या | प्रा. राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्र. मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निकाय क्षेत्रांतर्गत जलप्रदाय/ विद्युत / सफाई/ वाहन /कम्प्यूटर आपरेटर एवं अन्य कार्यालयीन कार्य हेतु उच्च कुशल/ अर्द्धकुशल/अकुशल श्रमिक प्रदाय। | 15 | 19.50 | 14,650.00 | 750.00 | 31 मार्च 2026 |

नियम एवं शर्तें:- (1) विस्तृत जानकारी नियम व शर्तें कार्यालय दिवस / समय में कार्यालय से प्राप्त की जा है। (2) निविदा लागत राशि से ही कार्य किया जाना होगा। (3) शेष नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय एवं दिवस में निविदा देखा जा सकता है। (4) विभागीय वेबसाईट cguad.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत पामगढ़

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
**(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)**

**बिजली बंद की सूचना**

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि सरगंवा उपकेन्द्र एवं वितरण केन्द्र धौरपुर के अंतर्गत 33 के.व्ही. बरियों-धौरपुर फीडर में विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव हेतु 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र धौरपुर एवं सरगंवा से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर एवं 33 के.व्ही. बरियों-धौरपुर से संबंधित उच्च दाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।
सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 21.03.2025 शुक्रवार प्रात: 10:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. सरगंवा | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सरगंवा से निकलने वाली समस्त सरगंवा टाऊन, परसा, सकालो, डिगमा 11 के.व्ही. फीडर। |
| 2 | 22.03.2025 शनिवार प्रात: 09:00 बजे से सांय 03:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. धौरपुर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र धौरपुर से निकलने वाली समस्त आई.पी. फीडर, धौरपुर टाऊन, धौरपुर ग्रामीण, करोली, डुमरडीह 11 के.व्ही. फीडर। |

नोट- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ"
"विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है"

कार्यपालन यंत्री (सं/स) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. अंबिकापुर

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**Phone No. 07763-223344 cmonpjashpur@gmail.com**

क्रमांक/476/ लो.नि./न.पा.प./2024-25 **ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना** जशपुरनगर, दिनांक 20/03/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम क्षेणी में पंजीकत ठेकदारों से PWD Road SOR 01.01.2025 and Building SOR 01.01.2015 से प्रभावशील लागत, अधिक या कम प्रतिशत दर पर निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http:/eproc.cgstate.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

| S. No. | System Tender No. | Description | Total Probable Amount of Contract (In Lakh) | Last date & time of tender Download |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 166008 | BT Road Renewal Work from Judeo Pratima to Jashpur Prveshdwar | 152.60 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 2 | 166013 | BT Road Renewal Work from Maharaja Chowk to Judeo Pratima | 80.15 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 3 | 166015 | BT Road Renewal Work from Bablu Hotel to Meenu Jain shop At Ward No. 03 | 20.45 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 4 | 166023 | BT Road Renewal Work from Shyam Sahay house to Ramnivas Agarwal house At Ward No. 03 | 20.02 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 5 | 166026 | BT Road Renewal Work from Jaistambh Chowk to Vishnu Bagan Main Road At Ward No. 13 | 54.60 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 6 | 166030 | BT Road Renewal Work from Nikki Chowk to Semar Talab At Ward No. 13 | 45.38 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 7 | 166035 | BT Road Renewal Work from front of Library to Jyoti Niwas and from Kanya Mahavidyalaya to front of Main Road Police Station At Ward No. 14 | 83.69 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 8 | 166040 | BT Road Renewal Work from Anurag Madical to Sanjay Soni House At Ward No. 20 | 27.78 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 9 | 166041 | BT Road Renewal Work from Main Road Bhagalpur to Aara Mill Continuity Ranglal House At Ward No. 18 | 52.64 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 10 | 166043 | BT Road Renewal Work from Sadangi House to Pancham Yadav House At Ward No. 13 | 21.93 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 11 | 166079 | Construction of Storm Water Drain Work from Vanvasi Kalyan Ashram to Mahkul House At Ward No. 13 | 45.96 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 12 | 166086 | Construction of Storm Water Drain Work from Mahkul House to Kadamtoli At Ward No. 13. | 115.01 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 13 | 166088 | Paver Block (Pathway) Work From Bus Stand to Jain Mandir At Ward No. 08 | 26.84 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 14 | 166089 | Construction of C.C. Road Work from Rajshree Hotel to Dr. Pankra House At Ward No. 20 | 20.49 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 15 | 166093 | Street Light Extension Work from Maharaja Chowk to Sanna Road At Ward No. 01 | 32.06 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 16 | 166096 | Street Light Extension Work from Bus Stand to Rakshit Police Line At Ward No. 08 | 36.34 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 17 | 166100 | Street Light Extension Work from Ranjeeta Stadium to Banki Toli Hanuman Mandir At Ward No. 20 | 34.20 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 18 | 166102 | Construction of Surya Namaskar Chowk Work Near Ranjita Stadium | 38.80 | 11.04.2025 16:00 IST |
| 19 | 166115 | Surya Namaskar 12 Idol Height 2 meter (Gun Metal) Statue Installation Work Near Ranjita Stadium (Non SOR Item Rate) | 25.00 | 11.04.2025 16:00 IST |

टीप:- निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर

## खबर संक्षेप

### टीसीएस करेगी 20 करोड़ डॉलर का बड़ा निवेश




**मुंबई।** टाटा कम्युनिकेशंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी ए एस लक्ष्मीनारायणन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में 20 करोड़ डॉलर से अधिक का निवेश किए जाने की संभावना है। टाटा समूह की यह कंपनी पिछले कुछ वर्षों से प्रति वर्ष लगभग 20-30 करोड़ डॉलर का निवेश करती आ रही है।

### ईपीएफओ ने जनवरी में 17.89 लाख सदस्य जोड़े




**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जनवरी में शुद्ध रूप से 17.89 लाख सदस्य जोड़े। बृहस्पतिवार को जारी पेरोल आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। श्रम मंत्रालय के अनुसार, यह सालाना आधार पर 11.67 प्रतिशत जबकि दिसंबर, 2024 की तुलना में 11.48 प्रतिशत की वृद्धि है।

### बीएमडब्ल्यू तीन फीसदी तक महंगे करेगी वाहन



**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अगले महीने से बीएमडब्ल्यू और मिनी कार श्रृंखला की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कार विनिर्माता इस साल दूसरी बार कीमतों में बढ़ोतरी करने जा रही है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप ने बयान में कहा, नई कीमतें एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगी।

### न्यू इंडिया इंश्योरेंस को मिली कर मांग की नोटिस

NEW INDIA ASSURANCE
दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड
The New India Assurance Co. Ltd

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनी न्यू इंडिया एश्योरेंस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे आयकर विभाग से 124.98 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। न्यू इंडिया एश्योरेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, कंपनी को 19 मार्च, 2025 को राष्ट्रीय फेसलेस मूल्यांकन केंद्र (आयकर विभाग) से एक नोटिस मिला।

### अदाणी ग्रीन एनर्जी की ऊर्जा क्षमता में विस्तार




**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी की परिचालन वाली कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अब 12,841 मेगावाट पर पहुंच गई है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने सूचना में कहा कि इसके पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी की अनुषंगी अदाणी ग्रीन एनर्जी ट्वेंटी फोर लिमिटेड ने राजस्थान के भीमसर में 250 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना शुरू की है।

### आरबीआई ने भट्टाचार्य को किया ईडी नियुक्त



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। आरबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, कार्यकारी निदेशक के रूप में भट्टाचार्य आर्थिक एवं नीति अनुसंधान विभाग का कार्यभार संभालेंगे। भट्टाचार्य की नियुक्ति 19 मार्च से प्रभावी है। कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नति से पहले, भट्टाचार्य आरबीआई के मौद्रिक नीति विभाग में सलाहकार के रूप में कार्यरत थे।

# गूगल ने साइबर सुरक्षा क्षेत्र में किया 32 अरब डॉलर का सबसे बड़ा अधिग्रहण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गूगल ने साइबर सिक्योरिटी कंपनी विज़ को 32 अरब डॉलर (करीब 2.6 लाख करोड़ रुपए) में खरीदने का सौदा किया है। यह सौदा गूगल के इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण है, जो 2012 में मोटोरोला मोबिलिटी के 12.5 बिलियन डॉलर के अधिग्रहण से भी बड़ा है।

- यह सौदा गूगल के इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण है

यह सौदा साइबर सुरक्षा क्षेत्र का भी सबसे बड़ा अधिग्रहण होगा। यह सौदा उस समय हुआ है, जब गूगल के इंटरनेट साम्राज्य को बांटने की चर्चाएं चल रही हैं। इस डील की घोषणा 18 मार्च, 2025 को की गई।

## साइबर सिक्योरिटी कंपनी विज़ को करीब 2.6 लाख करोड़ में खरीदा

### डील पर पिचाई ने क्या कहा

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि विज़ के शामिल होने से गूगल क्लाउड की सुरक्षा और बेहतर होगी और लागत भी कम होगी। यह बयान नियामकों और ग्राहकों दोनों को ध्यान में रखकर दिया गया है। गूगल विज़ को खरीदने के लिए काफी समय से प्रयास कर रहा था। पिछले साल जुलाई में 23 बिलियन डॉलर के प्रस्ताव को ठुकराने के बाद विज़ ने आईपीओ (शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने) की योजना बनाई थी, लेकिन शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण आईपीओ बाजार ठंडा पड़ गया।



### एआई के लिए डाटा सेंटर की मांग बढ़ी

यह कदम गूगल के क्लाउड कंप्यूटिंग क्षेत्र में विस्तार का हिस्सा है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव के कारण तेजी से बढ़ रहा है। एआई के लिए डेटा सेंटर की मांग बढ़ रही है, और गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन के बीच इस सेक्टर में कंपटिशन तेज हो गई है।

### विज़ गूगल क्लाउड का हिस्सा बन जाएगा

अगर यह डील नियामकों द्वारा मंजूर हो जाता है, तो विज़ गूगल क्लाउड का हिस्सा बन जाएगा। गूगल क्लाउड, गूगल के मेन बिजनेस (सर्च और विज्ञापन) से अलग है। गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट के 350 अरब डॉलर वार्षिक राजस्व का मुख्य स्रोत है। हालांकि, एआई के आने के साथ, क्लाउड डिवीजन गूगल के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। 2022 में इस डिवीजन का रेवेन्यू 26.3 अरब डॉलर था, यह 2024 में 64 प्रतिशत बढ़कर 43.2 अरब डॉलर हो गया।

### 5 साल पुरानी स्टार्टअप कंपनी

विज़ एक 5 साल पुरानी स्टार्टअप कंपनी है, जिसकी स्थापना इजरायली सेना में मिले चार दोस्तों ने की थी। यह कंपनी 2020 में इजरायल में शुरू हुई और अब न्यूयॉर्क से डेटा सेंटर में संग्रहीत जानकारी की सुरक्षा के लिए टूल बनाती है। विज़ का इस साल 1 अरब डॉलर कमाने का लक्ष्य है। विज़ के सीईओ असाफ रप्पापोर्ट ने कहा कि विज़ और गूगल क्लाउड दोनों का मानना है कि क्लाउड सुरक्षा को आसान, सुलभ और इंटेलीजेंट बनाने की जरूरत है, ताकि अधिक संगठन क्लाउड और एआई का सुरक्षित उपयोग कर सकें।

## ट्रंप ने भारत और अमेरिकी संबंधों पर की चर्चा

# मेरा मानना, भारत संभवतः शुल्कों में काफी हद तक कटौती करेगा : ट्रंप

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनका मानना है कि अमेरिकी वस्तुओं पर भारत अपने शुल्क को कम करेगा।हालांकि ट्रंप ने इसके साथ ही दो अप्रैल से भारत पर भी अमेरिकी शुल्क लगाने की अपनी धमकी को दोहराया।

अमेरिकी समाचार वेबसाइट 'ब्रेइटबार्ट न्यूज' के साथ साक्षात्कार में ट्रंप ने भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पिछले महीने हुई वार्ता के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ उनके '' बेहद अच्छे संबंध'' हैं।



### भारत दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाला देश

वेबसाइट ने ट्रंप के हवाले से कहा, '' लेकिन भारत के साथ मेरी एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक हैं। उन्होंने कहा, '' मेरा मानना है कि वे... संभवतः उन शुल्कों को काफी हद तक कम करने जा रहे हैं, लेकिन दो अप्रैल से हम उनसे वही शुल्क वसूलेंगे जो वे हमसे वसूलते हैं।''

### भारी शुल्क से अमेरिका में उत्पाद बेचना मुश्किल

ट्रंप ने अपना यह दावा भी दोहराया था कि अमेरिका पर भारत भारी शुल्क लगाता है, जिससे वहां उत्पाद बेचना मुश्किल हो जाता है। हालांकि, वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने 10 मार्च को नई दिल्ली में एक संसदीय समिति को बताया कि बातचीत अब भी जारी है और भारत तथा अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है।

### नुकसान पहुंचाने वालों देशों के खिलाफ साथ आ रहे

*भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने विशेष रूप से चीन का उल्लेख नहीं किया, लेकिन कहा कि यह '' अद्भुत देशों का समूह है जो व्यापार पर हमें नुकसान पहुंचाने वाले अन्य देशों का मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं।''*

- अमेरिकी वस्तुओं पर भारत अपने शुल्क कम करेगा
- दो अप्रैल से भारत पर भी शुल्क लगाने की धमकी दोहराई
- ट्रंप ने कहा भारत के साथ उनके काफी अच्छे संबंध

*व्यापार में भारत एक शक्तिशाली समूह : ट्रंप ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान आईएमईसी पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा, '' व्यापार में हमारे पास साझेदारों का एक शक्तिशाली समूह है।''गौरतलब है कि ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि भारत अपने शुल्क में ''काफी कटौती'' करने पर सहमत हो गया है।*

## आकाश डिजिटल ने जेईई और नीट की परीक्षा तैयारियों में स्थापित किये नए कीर्तिमान



**नई दिल्ली।** परीक्षा की तैयारी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) अब उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग अब परीक्षा तैयारियों में बाधाओं को तोड़ पहले से कहीं अधिक सुलभ, किफायती, लचीला और परिणाम केंद्रित बना कर इस क्षेत्र में नई राहें बना रहा है।

- एआई - पॉवर्ड लर्निंग से रचा नया इतिहास; छोटे शहरों से आये शानदार टॉप रिजल्ट

आकाश 2.0 रणनीतिक योजना के तहत, एईएसएल और अपने डिजिटल प्रयासों को और मजबूत करते हुए ऑनलाइन स्पेस में एक नई और अनोखी सेवा पेश कर रहा है। आकाश के सभी उत्पादों को डिजिटल स्पेस में एक ही मंच पर एकीकृत किया गया है - आकाश डिजिटल 2.0 एक परिवर्तनकारी ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफ़ॉर्म है, जो एआई - पॉवर्ड, इंटरएक्टिव और परिणाम-केंद्रित कोचिंग प्रदान करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म नीट, जेईई और ओलंपियाड की तैयारी करने वाले छात्रों को उच्च गुणवत्ता, किफायती और प्रभावी शिक्षा का अनुभव देता है।

एआई - पॉवर्ड इनसाइट , इंटरएक्टिव लर्निंग टूल्स और विशेषज्ञ मेंटरशिप का लाभ उठाते हुए, यह सुनिश्चित किया जाता है कि भारतभर के छात्र अपने घरों से ही शीर्ष-स्तरीय कोचिंग प्राप्त करें। आकाश डिजिटल 2.0 का बीटा संस्करण एक साल पहले लॉन्च किया गया था और इसके परिणाम बेहद उत्साहजनक और चौंकाने वाले रहे हैं। देश के दूरदराज़ इलाकों में रहने वाले छात्रों ने आकाश डिजिटल की इस नई पेशकश का लाभ उठाया और नीट और जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है।

## बीएसई सेंसेक्स 899 अंक की छलांग से 76,000 अंक के पार

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक बाजारों के मिले-जुले संकेतों के बीच दिग्गज कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 899 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी ने 283 अंक की छलांग लगाई।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती का अनुमान बरकरार रखने और दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और आईटी शेयरों में जोरदार खरीदारी से निवेशकों की धारणा को मजबूती मिली।



- फेड ने ब्याज दरों में कटौती का अनुमान बरकरार रखा
- दिग्गज कंपनियों के शेयरों में खरीदारी रही

## बैंक ऑफ इंग्लैंड ने प्रमुख ब्याज दर स्थिर रखा

- प्रमुख नीतिगत दर 4.50 प्रतिशत पर स्थिर

एजेंसी ⏭ लंदन

बैंक ऑफ इंग्लैंड ने अपनी प्रमुख नीतिगत दर को 4.50 प्रतिशत पर यथावत रखा है। केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला ऐसे समय किया है जब ब्रिटिश अर्थव्यवस्था मुश्किल से कुछ आगे बढ़ रही है और डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की शुल्क नीतियों से देश अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है।



उम्मीद जताई जा रही थी कि बैंक ऑफ इंग्लैंड की नौ-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति इसी तरह का निर्णय लेगी। एक दिन पहले अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने भी नीतिगत दरों को यथावत रखा था। बैठक के ब्योरे से पता चलता है कि समिति के नौ में से आठ सदस्यों ने दर में कोई बदलाव नहीं करने के पक्ष में मत दिया। वहीं एक सदस्य ने ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का समर्थन किया।


**COLLEGE OF AGRICULTURE IGKV, RAIPUR, C.G.**

**// WALK-IN-INTERVIEW //**

A walk in interview will be held on 7th April 2025, for the post of one Senior Research Fellow (SRF) at 12:00 PM in the Department of Genetics & Plant Breeding, College of Agriculture, IGKV, Raipur under the PPV & FRA, GOI funded research project entitled "DUS/Grow out test under central scheme for protection of plant varieties and farmer right authority , IGKV , Raipur". For further details please visit IGKV, website: **www.igkv.ac.in**

S.-43292

**Dr. Deepak Sharma**
**Professor & PI- Project**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**वि./यां. ला. म. नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

पत्र क्रमांक 887/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 19.03.2025

निविदा सूचना क्रं. 04 / व.ले.लि. / 2024 - 25, दिनांक 12.12.2024 रायगढ़ जिले (वर्तमान में सारंगढ़ - बिलाईगढ़) के विकासखण्ड बरमकेला अंतर्गत सांकरा मेगा उद्वहन सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) निविदा सिस्टम क्रं. 162662 को एकल निविदा आमंत्रण प्राप्त होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्रं. जी 242504529 दिनांक 13.12.2024

**कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. ला.म. नलकूप एवं गेट संभाग**
**सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)**

जी. 242506053/4

**कार्यालय प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था विश्रामपुरी**
**जिला - कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)**
**Email : - iti_vishrampuri@yahoo.in**

**विज्ञापन का प्रारूप**

बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशीप योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत शासकीय आई.टी.आई विश्रामपुरी में 31.03.2025 तक प्रात: 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किया जा रहा है।

इच्छुक अभ्यर्थी इस शिविर में उपस्थित होकर नि:शुल्क पंजीकरण व आवेदन कर सकते है। इस योजना में 10 वीं, 12 वीं, आई.टी.आई. डिप्लोमा और स्नातक उत्तीर्ण वे विद्यार्थी आवेदन कर सकते है, जो वर्तमान में उच्च शिक्षा में पंजीकृत न हो / किसी नियमित नौकरी में न हो/ परिवार का कोई भी सदस्य शासकीय नौकरी में न हों / परिवार की वार्षिक आय 800000 से अधिक न हो / अभ्यर्थी की उम्र 21 से 24 वर्ष की बीच हो।

ऑनलाईन आवेदन पोर्टल https//pminternsheep.mca.gov.in में किया जावेगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह नि:शुल्क है। आवेदन किसी भी लोक सेवा केन्द्र या स्वयं के मोबाईल से किया जा सकता है। आवेदन के लिए आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार लिंक्ड मोबाईन नम्बर अनिवार्य होगा।

इंटर्नशीप की अवधि 01 वर्ष होगी, जिसमें चयनित अभ्यर्थियों को कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त कंपनियों में इंटर्नशीप का अवसर मिलेगा जिसमें उन्हे रू प्रतिमाह 5000/- की इंटर्नशीप राशि एवं रू. 6000/- की राशि का वन टाईम ग्रांट प्राप्त होगा।

**PRINCIPAL**
**Industrial Training Institute**
**Vishrampuri**
**Distt.-Kondagaon (C.G)**

जी. 242506045/5

**Raipur District Urban Public Service Society**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**Notice Inviting Tender**

Secretary, Raipur Urban Public Transport Society, RAIPUR invites Online Tenders on behalf of Raipur Urban Public Transport Society as per the conditions of RFP from Registered contractor/firms /institutions in central Government/CG Government/Municipal Corporation/Public undertaking for similar work on GoC e-Procurement System http://eproc.cgstate.gov.in

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work | Earnest Money Deposit (In Rs.) | Bid Document Fees (Rs.) | Eligible class of contractor/firm |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 166152 | Selection of Advertisement Agency for Bus Advertising on city Buses running in Raipur urban Agglomeration, Chhattisgarh | INR 50,000 | 5000 | Open |

1. In order to participate in the tenders floated using the e-Procurement System, all contractors/bidders are required to get enrolled on the e-Procurement portal.
2. The bids submitted online should be signed electronically with a Digital Certificate to establish the identity of the bidder bidding online. The registered contractors may obtain information required to issuance of Digital Certificate from e-Procurement system Help Desk, Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For submitting the bids online, the contractors/bidders are required to make payment through Demand Draft as per the RFP.
4. Tender Download, Submit Bid online and other Documents and other activities will be governed by the time schedules given under ''Date-Time Detail(s)''.
5. The Bidders has to submit (Upload Scan Copies/fill) his offer/credentials online as required in the tender in the online templates in relevant envelopes.
6. The Bidders may refer Help Manual available online to perform their online activities.
7. If there is any amendment in the tender it will be published online only.
8. Live Registration copy, GST Registration, PAN Card, E-Receipt/Challan of EMD, E-Receipt of Tender Processing Fees, Annexure -'A' and Affidavit on Non Judicial Stamp worth Rs. 100/- should be essentially upload by the Tender along with other necessary documents online only.

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

**Secretary**
**RaipurDistrict Urban Public Service Society**
**Raipur (C.G.)**

**छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, व्यवसायिक परिसर, चतुर्थ तल**
**दक्षिण पूर्व कार्नर, सेक्टर- 27, नवा रायपुर (छ.ग.)-492015**

**निविदा सूचना क्र./16070/सी.जी.एम.एस.सी. लिमि./उपकरण/2024-25**

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर सी.जी. के माध्यम से उपकरणों में उपयोग किए जाने वाले रीएजेंट / कंट्रोल/ कंज्यूमेबल / कैलिब्रेटर के क्रय हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से निम्नलिखित ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जा रही है-

| S.N. | Name of Equipment |
|---|---|
| 1 | Fully Auto Biocheistry Analyzers |
| 2 | Electrolyte Analyzer (Ise Based) |
| 3 | Blood Cell Counter |
| 4 | Automated 5 Part Hematology Analyzer |
| 5 | Chemilumimescemce Immunoassay System (Automated Harmon Analyzer, |
| 6 | Hbalc Analyzer (Automatic) |
| 7 | Hematology Analyzer 5 Part |
| 8 | Semi Automated Biochemistry Analyzer |
| 9 | Urine Analyzer |

निविदा दस्तावेजों का विवरण छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट- https://www.cgmsc.gov.in एवं https://www.eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 24.03.2025 से 23.04.2025 के मध्य डाउनलोड किया जा सकता है तथा समय-समय पर जारी निविदाओं में विभिन्न संशोधनों के लिए उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

दिनांक : 20.03.2025

**वास्ते**
**प्रबंध संचालक**
**छ.ग. मेडिकल सर्विसेस कार्पो.लिमि.नवा रायपुर**

संवाद- 43291

**कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**विज्ञापन**

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्रमांक एफ 01-16/31/ स्था. / 2020 दिनांक 29.10.2024 द्वारा दी गई सहमति एवं छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 13-01/2024 / आ.प्र./1-3, दिनांक 31.05.2024 द्वारा सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर नियुक्ति के संबंध में निर्देश जारी करते हुए दिव्यांजनों के लिए रिक्तपदों के बैंकलॉग पूर्ति हेतु विभागों द्वारा विशेष भर्ती अभियान के तहत नियुक्तिों के लिए वित विभाग की पूर्व अनुमति की आवश्यकता को दिनांक 31.03.2025 तक के लिए समाप्त किया गया है, के आधार पर छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग में निम्न लिखित रिक्त पदों की सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ के स्थानीय पात्र निवासियों से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडलके वेबसाईट http://vyapam.cgstate.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | पदनाम | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में महिलाओं के लिए आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में भूतपूर्व सैनिको के लिए आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों में से छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद | योग | सांतवा वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | | | |
| 1 | उपअभियंता (सिविल) (बैकलॉग पद) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 01 | 01 | 01 | 05 दिव्यां. बैकलॉग पद OA, OL=03, HH=02 | 05 दिव्यां. बैकलॉग पद 03 (भू.पू.सै.बैकलॉग पद) | लेवल-8 बेसिक पे- 35400 |
| 2 | उपअभियंता (सिविल) (नियमित पद) | 21 | 06 | 17 | 08 | 12 | 04 | 09 | 04 | 04 | 01 | 03 | 01 | 07 OA, OL=03, HH=04 | 97 | लेवल-8 बेसिक पे- 35400 |
| 3 | उपअभियंता (वि./या.) (बैकलॉग पद) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 01 | 04 | 01 | 01 दिव्यां. बैकलॉग पद OL, HH=01 | 01 दिव्यां. बैकलॉग पद 06 (भू.पू.सै.बैकलॉग पद) | लेवल-8 बेसिक पे- 35400 |
| 4 | उपअभियंता (वि./या.) (नियमित पद) | 03 | 01 | 02 | 01 | 01 | - | 01 | - | - | - | - | - | - | 09 | लेवल-8 बेसिक पे- 35400 |

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा उक्त पदों के लिए परीक्षा दिनांक 20.07.2025 को आयोजित की जायेगी, विस्तृत विज्ञापन, आवश्यक शैक्षणिक अर्हता, आयु सीमा, पाठ्यक्रम, भर्ती प्रक्रिया, नियम एवं शर्तें, परीक्षा शहर आदि संबंधी जानकारी व्यापमं के वेबसाईट http://vyapam.cgstate.gov.in पर देखे जा सकते हैं, उपरोक्त नियुक्तियाँ माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 में पारित होने वाले अंतिम आदेश के अध्याधीन होगी एवं माननीय उच्चतम न्यायालय के अंतिम निर्णय अनुसार विज्ञापित किये गये पदों की वर्गवार पदों की संख्या में परिवर्तन भी हो सकता है।

**नोडल अधिकारी / कार्यपालन अभियंता,**
**वास्ते प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर**

जी. 242506052/3

# आईपीएल : 'देसी' कप्तान पर सबको भरोसा, 10 में से 9 टीमों के कप्तान भारतीय, पंत 27 करोड़ से सबसे महंगे नेतृत्वकर्ता

हैदराबाद ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को फिर सौंपा अपनी टीम का नेतृत्व

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल के 18वें सीजन का धमाकेदार आगाज कल शनिवार 22 मार्च को होने जा रहा है। सभी 10 टीमें अपने-अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास में जुटी हैं, और इस बार खिताब को अपने नाम करने के लिए रणनीतियां तैयार कर रही हैं। इसमें सबसे प्रमुख भूमिका टीमों के कप्तान की होने वाली है। हालांकि, विगत वर्षों से तुलना करें तो यह पहली बार है जब 10 में से नौ टीमों ने अपना दांव देसी कप्तानों पर लगाया है। केवल सनराइजर्स हैदराबाद एकमात्र टीम है, जिन्होंने गत वर्ष फाइनल में पहुंचाने वाले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को अपनी टीम का नेतृत्व फिर सौंपा है। शेष सभी टीमों की कमान भारतीय खिलाड़ियों के हाथों में ही है।

आईपीएल के इतिहास के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज इस बार भी अपनी फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन भविष्य को ध्यान में रखते हुए टीम की कमान अब फ्रेंचाइजियों ने युवा हाथों में ही सौंप दी है। चेन्नई सुपरकिंग्स का नेतृत्व जहां ऋतुराज गायकवाड़ कर रहे हैं, वहीं मुंबई इंडियंस की कमान हार्दिक पांड्या के हाथों में है। हालांकि, इन दोनों ने पिछले वर्ष भी टीम की कमान संभाली थी, परंतु अपनी टीमों को उनकी विरासत के अनुसार सफलता नहीं दिला पाए थे। हार्दिक के नेतृत्व में लगातार दो फाइनल खेलने वाली गुजरात टाइटंस का भी पिछले सत्र में शुभमन गिल की अगुआई में प्रदर्शन बहुत खास नहीं रहा था। ऐसे में इस बार उनके नेतृत्व कौशल पर भी सभी की नजरें होंगी।



## पंत सबसे महंगे कप्तान

| खिलाड़ी | टीम | राशि |
|---|---|---|
| ऋषभ पंत | लखनऊ | 27 करोड़ |
| श्रेयस अय्यर | पंजाब | 26.75 करोड़ |
| पैट कमिंस | हैदराबाद | 18 करोड़ |
| ऋतुराज गायकवाड़ | चेन्नई | 18 करोड़ |
| संजू सैमसन | राजस्थान | 18 करोड़ |
| शुभमन गिल | गुजरात | 16.5 करोड़ |
| अक्षर पटेल | दिल्ली | 16.5 करोड़ |
| हार्दिक पांड्या | मुंबई | 16.35 करोड़ |
| रजत पाटीदार | बेंगलुरु | 11 करोड़ |
| अजिंक्य रहाणे | कोलकाता | 1.5 करोड़ |

## पंजाब को अय्यर पर भरोसा

चारों ही टीम अब तक चैंपियन नहीं बनी है, हालांकि श्रेयस ने अपनी कप्तानी में गत वर्ष कोलकाता नाइटराइडर्स को चैंपियन बनाया था पर अब ये देखना अहम होगा कि उनकी रणनीतियां क्या पंजाब किंग्स को पहला खिताब दिला पाती हैं या नहीं? राजस्थान रॉयल्स ने भी युवा संजू सैमसन पर फिर भरोसा जताया है। वह अपनी गलतियों से सीख कर इस बार फिर दमदार प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करेंगे।




## चार टीमें नहीं जीत पाईं खिताब



रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी इस बार युवा रजत पाटीदार को अपना कप्तान बनाया है। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने फ्रेंचाइजी के इस निर्णय की बहुत सराहना की है, लेकिन अब ये भविष्य ही बताएगा की वह पहली बार आरसीबी को खिताब दिलाने में सफल होते हैं या नहीं। इधर, दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपरजायंट्स और पंजाब किंग्स ने भी कप्तानी में फेरबदल कर युवाओं पर ही भरोसा ही जताया है। दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल, लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत और पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को टीम की कमान सौंपी है।

## ऑस्ट्रेलियाई कप्तान सफल

2022 में हार्दिक पांड्या ने गुजरात टाइटंस को चैंपियन बनाया था। कमाल की बात यह है कि अब तक तीन ही बार विदेशी कप्तानों ने खिताब जीता है और तीनों ही ऑस्ट्रेलियाई थे। 2008 में राजस्थान रॉयल्स को चैंपियन बनाने वाले शेन वॉर्न थे, जबकि 2009 में डेक्कन चार्जर्स को जिताने वाले एडम गिलक्रिस्ट और 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद को चैंपियन बनाने डेविड वॉर्नर थे।



## पैट पर सनराइजर्स को विश्वास



ऑस्ट्रेलियाई आलराउंडर और कप्तान पैट कमिंस ने पहले ही सत्र में अपनी कप्तानी की जबरदस्त छाप छोड़ी। सनराइजर्स हैदराबाद को फाइनल में पहुंचाने वाले पैट कमिंस पहले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान नहीं हैं। इससे पहले, डेविड वॉर्नर ने टीम के लिए यह कारनामा किया था, इसलिए सनराइजर्स हैदराबाद इस बार एकमात्र टीम है, जो विदेशी कप्तान पर दांव लगाने को तैयार है।

## देसी कप्तानों का रहा है बोलबाला

आईपीएल के 17 सत्रों के इतिहास पर गौर करें तो शुरुआती दो सत्र 2008 एवं 2009 और 2016 को छोड़ दें तो अब तक सभी खिताब देसी कप्तानों ने ही जीते हैं। इनमें सबसे सफल महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने पांच-पांच बार अपनी टीमों चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस को चैंपियन बनाया है। कोलकाता नाइटराइडर्स अब तक तीन बार चैंपियन बनी है, परंतु तीनों ही बार उनके कप्तान देसी ही रहे हैं। भारतीय टीम के वर्तमान मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दो बार बतौर कप्तान और एक बार बतौर कोच टीम को सफल बनाया है। वहीं, पिछले सत्र में श्रेयस अय्यर ने केकेआर को चैंपियन बनाया था।

## पहले तीन मैचों में पराग होंगे रॉयल्स के कप्तान

**नई दिल्ली।** उदीयमान स्टार रियान पराग पहले तीन आईपीएल मैचों में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान होंगे क्योंकि नियमित कप्तान संजू सैमसन को ऊंगली की सर्जरी के बाद बीसीसीआई ने विकेटकीपिंग से मना किया है जिसके मायने है कि वह इन मैचों में सिर्फ बतौर बल्लेबाज ही उपलब्ध होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में टी20 मैच के दौरान सैमसंग की ऊंगली में फ्रेक्चर हो गया था जिसके बाद उन्हें छोटी सर्जरी करानी पड़ी। उन्हें बल्लेबाजी की अनुमति मिल गई है लेकिन बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र की मेडिकल और खेल विज्ञान टीमों ने उन्हें ऊंगली को कुछ और आराम देने की सलाह दी है।



## लार पर बैन हटने से रिवर्स स्विंग में मिलेगी मदद

**बेंगलुरु।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र से पहले गेंद पर लार लगाने पर से प्रतिबंध हटाने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड के फैसले का तहेदिल से स्वागत करते हुए कहा कि इससे गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग करने में मदद मिलेगी। सिराज ने कहा, 'यह गेंदबाजों के लिए बहुत अच्छी खबर है। यह हम सभी गेंदबाजों के लिए शानदार खबर है क्योंकि जब गेंद से किसी तरह की मदद नहीं मिल रही हो तब इस पर लार लगाने से रिवर्स स्विंग हासिल करने की संभावना बढ़ जाती है।'



## हैदराबाद खिताब जीतने का प्रबल दावेदार : क्लार्क

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2025 का खिताब जीत सकती है। उनका मानना है कि टीम के पास बल्लेबाजी में दमखम है और वह इस सीजन और मजबूती के साथ वापसी करेगी। उन्होंने प्लेऑफ में पहुंचने वाली संभावित टीमों के भी नाम बताएं हैं। क्लार्क ने 'बियोन्ड 23 क्रिकेट पॉडकास्ट' पर बात करते हुए यह भी कहा कि दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स को अपने पहले खिताब के लिए इस सीजन भी इंतजार करना पड़ेगा। इसके पीछे की वजह बताते हुए क्लार्क ने कहा कि दोनों फ्रेंचाइजियों ने टीम कोच से लेकर कप्तान तक में बड़े बदलाव किए हैं।

# खेलो इंडिया पैरा खेल शुरू, मांडविया ने की खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प की सराहना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को यहां दूसरे खेलो इंडिया पैरा खेल का उद्घाटन किया और कई चुनौतियों के बावजूद दृढ़ संकल्प दिखाने के लिए देश के पैरा खिलाड़ियों की सराहना की। इन खेलों में देश भर के 1300 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

इनमें पेरिस पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज हरविंदर सिंह, क्लब थ्रोअर धरमबीर और खेल रत्न विजेता ऊंची कूद के एथलीट प्रवीण कुमार जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। इन खेलों का 27 मार्च को



समापन होगा। मांडविया ने यहां खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान कहा, 'खेलो इंडिया ने धीरे-धीरे और लगातार अपना महत्व स्थापित किया। आज जब मैं यहां इन खिलाड़ियों को देख रहा हूं, तो मैं उनकी आंखों में कुछ कर गुजरने की ललक और विश्वास देखता हूं। हम वास्तव में सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।'

कार्यक्रम की शुरुआत पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता धावक सिमरन शर्मा, खेल रत्न पुरस्कार विजेता प्रवीण कुमार, पेरिस के स्वर्ण विजेता शटलर नितेश कुमार और दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता धावक प्रीति पाल द्वारा खेल मंत्री को खेलों की मशाल सौंपने के साथ हुई।

# राजावत-मुथुस्वामी ने दर्ज की जीत, सिंधू हार से बाहर

एजेंसी ▶▶ बासेल

भारत के प्रियांशु राजावत स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्थानीय खिलाड़ी तोबियास कुएंजी को सीधे गेम में हराकर पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। महिला वर्ग में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सातवीं वरीयता प्राप्त पी वी सिंधू का खराब फॉर्म जारी रहा और वह पहले ही दौर



में डेनमार्क की जूली जाकोबसेन से 17-21, 19-21 से हार गईं। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज राजावत ने 28 मिनट में 21-10, 21-11 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम भी अगले दौर में पहुंच गए जिन्होंने डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को 21-15, 21-16 से शिकस्त दी।


## आम सूचना

मैं चन्द्रशेखर तिवारी पिता का नाम-कमलकांत निवासी ग्राम-शिवरीनारायण तहसील-शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चाम्पा छ.ग. यह आम सूचना प्रकाशित करवा रहा हूं, सर्वविदित हो कि ग्राम- भोगहापारा पटवारी हल्का नंबर- 23 वर्तमान पटवारी हल्का नंबर 08 तहसील शिवरीनारायण अवस्थित भूमि खसरा नंबर 577/1 रकबा 0.036 हे., खसरा नंबर 577/2 रकबा 0.028 हे. एवं 577/3 रकबा 0.012 हे. के संबंध में माननीय न्यायालय- श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी नवागढ़ के समक्ष व्यवहार वाद मेरे द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिसका व्यवहार वाद क्रमांक- 08 अ/2025 पक्षकार चन्द्रशेखर वगैरह // वि. // संतराम वगैरह है। उपरोक्त खसरा नंबर की भूमि पर मैं अपने पूर्वज काल से काबिज हूं, किन्तु उपरोक्त खसरा नंबर की भूमि पर संतराम कहरा, केशवनारायण कहरा एवं चित्रलेखा वगैरह ने अपना नाम राजस्व अभिलेख में गलत ढंग विधि विरुद्ध रुप से चढ़वा लिया है और राजस्व अभिलेख में नाम होने का लाभ लेकर अन्यत्र विक्रय करना चाह रहा है, जबकि उपरोक्त खसरा नंबर की भूमि पर संतराम, केशवनारायण एव चित्रलेखा वगैरह का कोई स्वामित्व एवं आधिपत्य नही है। मेरे द्वारा प्रस्तुत व्यवहार वाद क्रमांक 08-अ/2025 में आगामी सुनवाई तिथि - 16/04/2025 है और यदि ऐसी परिस्थिति में जबकि व्यवहार वाद सक्षम न्यायालय में लंबित है, किसी व्यक्ति, संस्थान अथवा समूहों के द्वारा उपरोक्त खसरा नंबर की भूमि का अंतरण किसी प्रकार से किया जाता है तो वह मुझ पर बंधनकारी नहीं होगा और इस व्यवहार वाद के निर्णय से बंधा होगा तथा अंतरिती/क्रेता को कथित अंतरण दस्तावेज से कोई लाभ प्राप्त नही होगा।

अतः मैं सर्वसाधारण एवं खास "व्यक्ति" संस्था अथवा समूह को आगाह करता हूं कि उपरोक्त दर्ज खसरा नंबर की भूमि का विक्रय पत्र अथवा कोई भी अंतरण दस्तावेज का निष्पादन नहीं करावें, जिस किसी खास व्यक्ति, संस्था अथवा समूह उपरोक्त दर्ज भूमि का विक्रय सौदा या विक्रय या अंतरण कराएगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सो सूचना जानें।

दिनांक: 19/03/2025

भवदीय
(चन्द्रशेखर तिवारी)
निवास का पता : वार्ड नंबर 10 भोगहापारा शिवरीनारायण तहसील-शिवरीनारायण
जिला: जांजगीर-चाम्पा (छ. ग.)
पिनकोड- 495557 मो.नं.- 9589978978





Website : www.bafnabiotech.com, For Feed & Complaint : bafnabiotech@gmail.com
Consumer Complaint on : +91 8989405858, +91 9425504640


## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** – बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** – मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** – मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** – संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

# डब्लूटीसी 2025-27 : बड़ी जीत पर टीमों को बोनस अंक देने पर विचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति अप्रैल में होने वाली बोर्ड बैठक में नई बोनस अंक व्यवस्था पर विचार करेगी जिसके तहत अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में ऊंची रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ जीत दर्ज करने पर अधिक अंक मिल सकते हैं।


विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का 2025-27 चक्र जून में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से शुरू होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी बड़े अंतर से मिलने वाली जीत या पारी के अंतर की जीत पर बोनस अंक देने पर विचार कर रही है। एक सूत्र ने बताया, 'डब्लूटीसी शुरू होने से ही पारी की जीत पर बोनस अंक देने जैसे मसलों पर लगातार बात हो रही है। कई टीमों का मानना है कि बड़ी टीमों को हराने पर उन्हें उतना प्रतिफल नहीं मिल रहा है।' भारत के एक पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'अगर ऐसा होता है तो यह अच्छी पहल होगी।




**मौजूदा अंक प्रणाली**

| परिणाम | अंक |
|---|---|
| जीत पर | 12 |
| टाई मैच | 06 |
| ड्रॉ मैच | 04 |

## शब्द पहेली - 5811



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

**शब्द पहेली- 5810 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | य | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | य | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5821

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5820 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## खबर संक्षेप

### तस्करी-हवाला गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ तस्करी और हवाला गिरोह का भंडाफोड़ किया। उनके पास से अवैध हथियार, मादक पदार्थ और नकदी जब्त की गई। अभियान के दौरान आरोपियों ने पुलिस दल पर गोलियां चलाईं, जिसपर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। दो आरोपियों के पैर में चोटें आईं हैं।

### बिजली गिरने से परिवार के तीन की मौत



**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले के दिलदार नगर इलाके में बृहस्पतिवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक परिवार के तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। मरने वालों में एक वर्षीय एक बच्चा भी शामिल है। कर्मा गांव निवासी रविशंकर कुशवाहा, उनकी पत्नी सरोज देवी और उनके एक वर्षीय बेटे अंकुश कुशवाहा की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई।

### अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पकड़ाया पाक घुसपैठिया



**कठुआ/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान के एक घुसपैठिये को पकड़ा है। सुरक्षाकर्मियों को बुधवार रात हीरानगर सेक्टर में सीमा पार करने का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधियों का पता चला। संदिग्ध को हिरासत में लिए जाने से पहले सुरक्षा बलों ने चेतावनी के तौर पर कुछ गोलियां भी चलाईं।

# यू-ट्यूब देखकर युवक ने खुद का किया ऑपरेशन, फिर पेट में हाथ डालकर देखा

एजेंसी ▶▶| मथुरा


मथुरा में पेट दर्द से परेशान 32 साल के युवक ने खुद ही अपना ऑपरेशन कर लिया। यूट्यूब देखकर उसने ऑपरेशन का तरीका सीखा, फिर इंटरनेट पर एनेस्थेसिया इंजेक्शन के बारे में पढ़ा। इसके बाद घर के पास से 200 मीटर दूर मेडिकल स्टोर से इंजेक्शन, सर्जिकल ब्लेड और दवा घर पर आकर पेट में दर्द वाली जगह पर ब्लेड से 7 सेंटीमीटर चीर दिया। फिर हाथ डालकर देखा, लेकिन जब कुछ समझ में नहीं आया तो खुद ही सुई-धागे से सिलाई कर ली, लेकिन कुछ घंटे बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, तो उसने यह बात अपने भतीजे को बताई। भतीजा उसे लेकर संयुक्त चिकित्सालय पहुंचा। जब डॉक्टर को पूरी बात बताई तो डॉक्टर भी हैरान रह गए। डॉक्टरों ने प्राइमरी इलाज के बाद उसे आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

वृंदावन के सुनरख गांव निवासी राजाबाबू ने बीबीए की पढ़ाई की है। अभी खेती करता है। उसने बताया कि 18 साल पहले मैंने अपेंडिक्स का ऑपरेशन करवाया था, लेकिन कुछ दिनों से मेरे पेट में फिर से दर्द होने लगा। मैंने कई डॉक्टरों को दिखाया, लेकिन आराम नहीं मिला। अल्ट्रासाउंड समेत कई तरह की जांचें कराईं, लेकिन कुछ पता नहीं चला। मंगलवार को ज्यादा दर्द होने लगा। इसके बाद मैंने यूट्यूब पर ऑपरेशन करने के वीडियो देखे, फिर इंटरनेट पर एनेस्थेसिया के बारे में पढ़ा। पास वाली मेडिकल से इंजेक्शन और दवाएं खरीदकर लाया। पहले इंजेक्शन लगाया, फिर जहां पर दर्द होता था, उस जगह को ब्लेड से चीर दिया। इसके बाद हाथ डालकर देखा तो वहां लोहे का तार जैसा लगा। उसे निकालने की कोशिश की तो नहीं निकला। इसके बाद कुछ समझ में नहीं आया तो सुई-धागे से पेट को सिल दिया। बाद में घर वालों को बताया तो ये लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। अब हम पूरी तरह से ठीक हैं।

### दर्द से परेशान था, ऑपरेशन के बाद सुई-धागे से पेट की सिलाई की

#### युवक ने 7 सेंटीमीटर का चीरा लगाया

संयुक्त चिकित्सालय के डॉक्टर शशिरंजन ने बताया कि युवक जब आया था तो उसकी हालत ठीक नहीं लग रही थी। उसने अपने हाथ से पेट में सात सेंटीमीटर का चीरा लगाया था। साथ ही प्लास्टिक के धागे से 11 टांके लगाए थे। इससे उसके पेट में संक्रमण भी फैल सकता था। उसने कई साल पहले अपेंडिक्स का ऑपरेशन कराया था, जिसकी वजह से उसे दर्द रहता था। फिलहाल उसे एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा में रेफर कर दिया गया है।



### एंबुलेंस नहीं मिलने से मरीज की मौत का मामला

# चीफ जस्टिस ने कहा- क्या कर रहे हैं जिम्मेदार अफसर

**कोर्ट ने कहा सरकार की योजना का लोगों को नहीं मिल रहा लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छग हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताई है। राज्य सरकार की मुफ्त की योजनाएं हैं फिर भी लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव को हलफनामा पेश करने कहा है।



हाईकोर्ट ने दंतेवाड़ा में एम्बुलेंस नहीं मिलने से मरीज की मौत और बिलासपुर रेलवे स्टेशन में कैंसर पीड़ित महिला का शव ले जाने एम्बुलेंस सुविधा नहीं मिलने को लेकर सुनवाई शुरू की है। पिछले मंगलवार को रायपुर से बिलासपुर आकर यहां से बुढार जाने के लिए ट्रेन में सफर कर रही एक कैंसर पीड़ित महिला रानी बाई की मौत हो गई। ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने पर शव को उतारकर कुली की मदद से उन्हें स्ट्रेचर से गेट नंबर एक के बाहर तक लाया। वहां पर एम्बुलेंस का ड्राइवर गायब था। थोड़ी देर बाद वह आया, लेकिन बॉडी ले जाने से मना कर दिया। महिला के परिजनों के परिचितों के जरिए दूसरे एंबुलेंस का इंतजाम किया और वहां से एक घंटे बाद रवाना हो गए। उन्हें बिलासपुर से शाम वाली ट्रेन पकड़कर बुढ़ार जाना था।

#### 11 घंटे तक नहीं पहुंची एम्बुलेंस

वहीं दंतेवाड़ा जिले के गीदम में 11 घंटे तक एम्बुलेंस नहीं पहुंचने के कारण इलाज में देरी हुई, जिससे मरीज की मौत हो गई। इस दौरान परिजन बार-बार 108 को कॉल करते रहे। लेकिन सुबह के बजाए एम्बुलेंस रात में आई। इसके चलते मरीज की जान चली गई। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया।

## प्रदेश में भी बढ़ रहा सीएनजी वाहनों का क्रेज, अब बिक रहे ज्यादा वाहन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश में सीएनजी वाहनों का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। भिलाई, बिलासपुर, कोरबा में ज्यादा पंप होने के कारण इन स्थानों पर ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। प्रदेश में इस समय हर माह 60 से 70 वाहन सीएनजी के बिक रहे हैं, लेकिन राजधानी रायपुर में महज तीन पंप होने के कारण यहां पर मुश्किल से हर माह एक से दो या चार कारें ही बिक रही हैं। सीएनजी के आटो ज्यादा बिक रहे हैं। मारुति के एक शोरूम में दस से ज्यादा कारों का स्टॉक है, लेकिन इसके ग्राहक नहीं मिल रहे हैं। रायपुर में पंप बढ़ने पर ही यहां पर भी सीएनजी वाहनों का क्रेज बढ़ेगा। इस माह जेल रोड में भी एक और पंप खुल गया है। इसको मिलाकर रायपुर में तीन पंप हो गए हैं। आने वाले समय में करीब तीन और पंप खुलने वाले हैं। नेटवर्क तेजी से बढ़ाने पर काम चल रहा है।

सीएनजी वाहनों के लिए प्रदेश भर में लगातार पंप खुल रहे हैं। जहां-जहां पंप खुल रहे हैं, वहीं पर वाहनों कि बिक्री की रफ्तार भी बढ़ रही है। राजधानी रायपुर भले कारें कम बिक रही हैं, लेकिन आटो जरूर ज्यादा बिक रहे हैं। आने वाले समय में सीएनजी के ही आटो शहर में नजर आएंगे। मारुति कंपनी में हर मॉडल में सीएनजी मॉडल है। रायपुर में कंपनी के डीलरों के मुताबिक यहां पर प्रारंभ में ज्यादा वाहन बिके, लेकिन अब एक माह में दो से चार कारें ही अब बिक रही है। इसके पीछे का कारण यह है कि यहां पर पंप कम है। भिलाई में आधा दर्जन से ज्यादा पंप होने के कारण वहां पर ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। इसी के साथ बिलासपुर और कोरबा में ज्यादा पंप होने के कारण वहीं पर भी वाहनों के बिकने का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। टाटा कंपनी के भी रायपुर में वाहन बिक रहे हैं। यहां भी डिमांड पर ही कारें मंगाकर दे रहे हैं।

## सेना की बढ़ेगी ताकत, सात हजार करोड़ के स्वदेशी तोप सौदे पर मुहर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की एक हालिया बैठक में भारतीय सेना के लिए स्वदेशी तोपों (उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, एटीएजीएस) की खरीद से जुड़े हुए 7 हजार करोड़ रुपए के एक बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी प्रदान की गई है। जो इन स्वदेशी होवित्जर जैसी तोपों के देश के अंदर निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। समझौते के तहत कुल 507 तोपों की उन्हें उठाने वाले वाहनों के साथ सेना के लिए खरीद की जाएगी। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय की रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इससे जुड़े हुए समझौते को करीब दो साल पहले ही अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी थी। मूल रूप से यह 155 एमएम आर्टिलरी गन सिस्टम है।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.










अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्ः उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.
VML.5798.2025HIN

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com